RNI : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 154 ● भिलाई, मंगलवार 23 दिसम्बर 2025 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

निरंतर सेवा, निरंतर विकास का सशक्त मॉडल है छत्तीसगढ़

# जो कहा, वह किया, और जो नहीं कहा, वह भी करके दिखाया-केंद्रीयमंत्री जेपी नड्डा

■ हर वर्ग तक विकास पहुंचाना हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

■ छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जांजगीर-चांपा में जनादेश परब का भव्य आयोजन



जांजगीर-चांपा/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जांजगीर-चांपा जिले के खोखराभाठा पुलिस लाइन मैदान में आयोजित जनादेश परब में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंच से प्रदेश की उपलब्धियों, जनकल्याण और भविष्य की दिशा पर स्पष्ट संदेश दिया। वंदे मातरम और राज्यगीत के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में जनविश्वास, गौरव और निर्माण के संकल्प को दोहराया गया। केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि जो कहा था, वह किया - और जो नहीं कहा था, वह भी करके दिखाया। उन्होंने दो वर्षों के रिपोर्ट-कार्ड को रेखांकित करते हुए बताया कि सरकार ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और श्रमिकों के हित में संवेदनशील और परिणामकारी निर्णय लिए हैं, जिनका असर जमीनी स्तर पर दिख रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के पहले महीने में किसानों को 3700 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान और बीते दो वर्षों में 1.25 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष अंतरण अन्नदाताओं के सम्मान का प्रमाण है। भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए 5 लाख से अधिक हितग्राहियों को 10-10 हजार रुपये की सहायता दी गई, जिससे उनकी सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा मजबूत हुई। केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि युवाओं के लिए पारदर्शी भर्ती तंत्र, 32 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया, लोक सेवा आयोग में पारदर्शिता, नालंदा लाइब्रेरी की स्थापना और आईटीआई के आधुनिकीकरण जैसे कदमों को उन्होंने भविष्य-निर्माण की नींव बताया। महिलाओं के स्वावलंबन हेतु महतारी वंदन योजना और महतारी सदन, पीएम जनमन के तहत 70 लाख परिवारों को लाभ तथा धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना के माध्यम से आदिवासी समाज के सशक्तिकरण को उन्होंने सरकार की संवेदनशीलता का उदाहरण बताया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ का रेलवे बजट 22 गुना बढ़ा है, 32 अमृत स्टेशन वर्ल्ड-क्लास मानकों पर विकसित हो रहे हैं और आयुष्मान भारत, उवला, जल जीवन मिशन, पीएम-किसान जैसी योजनाओं का व्यापक लाभ आमजन तक पहुंचा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ की वर्तमान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि सरकार आम जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना, चरण पादुका सहित अनेक योजनाओं से विकास को गति मिली है। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया कि नक्सलवाद की कमर तोड़ने और नक्सल-मुक्त छत्तीसगढ़ के लक्ष्य की दिशा में ठोस प्रगति हुई है। सुरक्षा, पुनर्वास और विकास - तीनों मोर्चों पर समन्वित रणनीति से शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट 2047 के माध्यम से संसाधन-समृद्ध छत्तीसगढ़ को सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने का रोडमैप तय किया गया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को अवसरों का राज्य मिल सके। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि जांजगीर-चांपा में जनादेश परब का आयोजन जिले के लिए ऐतिहासिक क्षण है। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों को एक-एक कर पूरा किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार बनने के बाद 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं और विकास के सभी कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। वित्त मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि सरकार ने लोकतंत्र, जनविश्वास और सुशासन को सुदृढ़ किया है। विजन डॉक्यूमेंट के माध्यम से छत्तीसगढ़ विकास के नए मानक गढ़ रहा है।

### केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा बोले..... नक्सलवाद अब कुछ गांवों तक

जांजगीर चांपा जिले के पुलिस ग्राउंड में जनादेश परब छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के दो साल निरंतर सेवा निरंतर विकास को लेकर भव्य सभा का आयोजन किया गया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने जिला प्रशासन के द्वारा लगाए गए सभी विकास कार्यों की इंस्टाल का निरीक्षण किया गया। मंच पर जेपी नड्डा का माला से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मंत्री मंडल ने स्वागत किया। पीएम आवास के हितग्राहियों को सम्मानित भी किया गया। छत्तीसगढ़ के जांजगीर में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कहा कि पिछली कांग्रेस सरकारों ने नक्सलियों के साथ साठगांठ की थी। जबकि मोदी सरकार ने इस खतरे का डटकर मुकाबला किया। नड्डा ने आगे कहा कि कांग्रेस के लोग झीरम घाटी नक्सली हमले को आसान बनाने में शामिल थे, जिसमें उनके अपने ही पार्टी के नेता मारे गए थे। नक्सलवाद अब कुछ गांवों और जिलों तक ही सीमित है। देश जल्द ही इस खतरे से छुटकारा पा लेगा।

### साल 2013 के झीरम घाटी नक्सली हमले में कांग्रेस के अंदरूनी लोग ही शामिल थे: नड्डा

जांजगीर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी के अंदरूनी लोग ही 2013 के झीरम घाटी नक्सली हमले को अंजाम देने में शामिल थे, जिसके कारण कांग्रेस नेताओं की हत्या हुई. नड्डा ने राज्य में विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने पर 'जनादेश परब' समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार का नक्सलियों के साथ समझौता था, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली 'डबल-इंजन' सरकार ने नक्सलवाद को उखाड़ फेंकने काम किया. नड्डा ने कहा कि 2013 में झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले के दौरान वह छत्तीसगढ़ में पार्टी के प्रभारी थे. उन्होंने कहा, आज मैं बड़ी जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं कि झीरम घाटी की घटना की जानकारी और अंदर की खबर कोई और नहीं दे रहा था, बल्कि पार्टी के लोग ही अपने लोगों को मरवाने के लिए लगे हुए थे और नक्सलियों के संपर्क में थे. माओवादियों ने 25 मई, 2013 को राज्य के बस्तर जिले की झीरम घाटी में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी की 'परिवर्तन रैली' के दौरान नेताओं के काफिले पर हमला किया था, जिसमें तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंद कुमार पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल समेत 32 लोग मारे गए थे. नड्डा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और छत्तीसगढ़ में साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद माओवाद के खिलाफजमीनी स्तर पर निर्णायक कार्रवाई की गई. उन्होंने दावा किया कि नक्सलवाद अब राज्य के कुछ गांवों और जिलों तक ही सीमित रह गया है. केंद्रीय मंत्री ने कहा, पिछले दो साल में करीब 2,500 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, 1,853 को गिरफ्तार किया गया है तथा हिडमा व बसवराजू जैसे कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया गया है.

## संक्षिप्त समाचार

### 1000 रुपये दो वीडियो में 10 मिनट न्यूड रहूंगी, महिला ने 27 साल के लड़के को फंसाया

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर बढ़ते साइबर अपराधों के बीच एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिला निवासी 27 वर्षीय भरत कुमार को न्यूड वीडियो के जरिए फंसाकर पहले लाखों रुपये की ठगी की गई, फिर जबरन शादी कराई गई और आखिरकार महिला नकदी-जेवर लेकर फरार हो गई। भरत आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले के चेर्लोपल्ली का रहने वाला है और एक प्राइवेट ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करता है। भरत के मुताबिक साल 2019 में उसे एक्स पर एक युवती का मैसेज आया था। युवती ने खुद को मजबूर बताते हुए कहा कि वह पैसे कमाने के लिए न्यूड वीडियो दिखाने का काम करती है और एक हजार रुपये में दस मिनट तक न्यूड ऑनलाइन रहती है। युवक इस झांसे में आ गया और टेलीग्राम के जरिए फेस कवर किए महिला का न्यूड वीडियो देखने लगा। यहीं से ब्लैकमेलिंग का खेल शुरू हुआ।

### लुधियाना में बदमाश ने महिला के सिर में मारी गोली, बेटी पर भी की फायरिंग

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जीटीबी नगर, मुंडियां इलाके में एक बदमाश ने दिनदहाड़े घर के बाहर बैठी महिला पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। महिला अपनी बेटी के साथ बैठी थी। हमले में बेटी किसी तरह बच निकली, लेकिन महिला के सिर में गोली लगने से उसकी मौत हो गई। गोली की आवाज सुनते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पड़ोसियों ने तुरंत घायल महिला को सिविल अस्पताल लुधियाना पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान पूनम पांडे के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है और बेटी गहरे सदमे में है। परिजनों का कहना है कि उनकी किसी से कोई पुरानी रंजिश नहीं है। पीड़िता की बेटी के अनुसार, हमलावर काली जैकेट और टोपी पहने हुए था। उसने पहले बेटी पर गोली चलाई, लेकिन वह एक तरफ हट गई और बच गई।

### मनरेगा सहित बाकी मुद्दों पर स्पैशल सैशन की बजाए पूरा विंटर सैशन बुलाए पंजाब सरकार : परगट सिंह

**चंडीगढ़।** पूर्व शिक्षा मंत्री और विधायक परगट सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की तरफ से अधिकार आधारित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को खत्म करने का यह फैसला गरीबों, दलितों, महिलाओं, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के अधिकारें पर हमला है। उन्होंने इसकी कड़ी निंदा करते हुए कहा कि नए कानून वीबी जीरामजी के तहत राज्यों की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी गई है। जिससे मनरेगा की मूल भावना खत्म हो गई है। इस मामले में कांग्रेस और अन्य पार्टियों को डटकर विरोध करना चाहिए।

केंद्र सरकार पर बरसीं सीएम ममता

## चुनाव आयोग केवल भाजपा के इशारे पर काम कर रहा-ममता...

कोलकाता/ एजेंसी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कोलकाता में आयोजित पार्टी बैठक में ममता ने कहा कि चुनाव आयोग अब स्वतंत्र संस्था की तरह काम नहीं कर रहा, बल्कि भाजपा के निर्देशों पर चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची तैयार करने में भारी स्तर पर गलतियां हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया जानबूझकर की जा रही है ताकि खास समुदायों के वोट छीने जा सकें। उन्होंने ने साफ चेतावनी दी कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जो पार्षद और पार्टी कार्यकर्ता निष्क्रिय रहेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बूथ स्तर के एजेंटों को सतर्क रहने और मतदाताओं की रक्षा करने का निर्देश दिया। ममता बनर्जी ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि मटुआ समुदाय के मताधिकार को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए प्रशासनिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। ममता ने केंद्र से भेजे गए माइक्रो ऑब्जर्वरों की नियुक्ति पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों को स्थानीय भाषा और हालात की समझ नहीं है।

### आप विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा भगोड़ा करार, रेप केस में हैं आरोपी

**पटियाला।** रेप केस में आरोपी आप के एमएलए हरमीत सिंह पठानमाजरा को कोर्ट से झटका लगा है। पटियाला कोर्ट ने पठानमाजरा को भगोड़ा करार दे दिया है। कोर्ट ने विधायक की प्रॉपर्टी की लिस्ट कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए हैं। केस की अगली सुनवाई 31 जनवरी को होगी। पठानमाजरा पर एक महिला ने रेप का केस दर्ज कराया था। इसके बाद पठानमाजरा फरार हो गए। जिला अदालत में विधायक को 20 दिसंबर तक पेश होने के लिए नोटिस जारी किया था लेकिन वह अदालत में पेश नहीं हुए।

नेशनल हेराल्ड केस मामले में

## ईडी की अपील पर हाई कोर्ट ने सोनिया-राहुल को भेजा नोटिस

नई दिल्ली/ एजेंसी



दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा नेशनल हेराल्ड मामले में अन्य आरोपियों को नोटिस जारी कर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका के जवाब में जवाब मांगा है, जिसमें निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें ईडी द्वारा उनके खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया गया था। केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से पेश होते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ईडी ने मामले की जांच पूरी कर ली है, सबूत जुटा लिए हैं और मामले से संबंधित कई तलाशी अभियान भी चलाए हैं। उन्होंने कहा कि निचली अदालत ने ईडी के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार करके गलती की है। अदालत इस मामले की आगे की सुनवाई 12 मार्च, 2026 को करेगी। न्यायमूर्ति रविंदर दुदेजा ने मामले की सुनवाई की। ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय के समक्ष तथ्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंहवी और आर.एस. चीमा ने कार्यवाही के दौरान गांधी परिवार का प्रतिनिधित्व किया। न्यायालय को संबोधित करते हुए सॉलिसिटर जनरल ने तर्क दिया। कि निचली अदालत ने इस तथ्य को समझने में चूक की कि किसी सक्षम न्यायालय द्वारा निजी शिकायत पर संज्ञान लेना मात्र एफआईआर से कहीं अधिक कानूनी महत्व रखता है।

एक-एक कर कौन बांग्लादेश के छात्र नेताओं को ठोक रहा है

## हादी के बाद एनसीपी के नेता सिकंदर को सिर पर मारी गोली

ढांका/ एजेंसी

खबार ने सोनाडांगा मॉडल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी (जांच) अनिमेष मंडल के हवाले से बताया उपद्रवियों ने सुबह करीब 11:45 बजे उसके सिर पर निशाना साधकर गोली चलाई और उसे गंभीर हालत में खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि मोतलेब खतरे से बाहर हैं और गोली उनके कान के एक तरफ से अंदर घुसी, त्वचा को भेदते हुए दूसरी तरफसे निकल गई। छात्र नेता उस्मान हादी की मौत के कुछ दिनों बाद, सोमवार को बांग्लादेश में एक अन्य नेता को गोली मार दी गई। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ित की पहचान मोतालेब शिकदर के रूप में हुई है, जिसे खुलना में हमलावरों ने सिर पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। अखबार ने सोनाडांगा मॉडल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी (जांच) अनिमेष मंडल के हवाले से बताया उपद्रवियों ने सुबह करीब 11:45 बजे उसके सिर पर निशाना साधकर गोली चलाई और उसे गंभीर हालत में खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि मोतलेब खतरे से बाहर हैं और गोली उनके कान के एक तरफ से अंदर घुसी, त्वचा को भेदते हुए दूसरी तरफ से निकल गई। नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के नेता शिकदर, खुलना मंडल प्रमुख और एनसीपी श्रमिक शक्ति के केंद्रीय आयोजक हैं। पार्टी की संयुक्त प्रधान समन्वयक महमूदा मितु द्वारा फेसबुक पर जारी एक बयान के अनुसार, शिकदर एनसीपी के नेता हैं और इस घटना के संबंध में पार्टी के



संयुक्त प्रधान समन्वयक महमूद मितु ने जानकारी दी है। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाए जाने के बाद, स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन और जातीय नागरिक समिति द्वारा नेशनल सिटिजन पार्टी की शुरुआत की गई थी। इस पार्टी की स्थापना इसी वर्ष 28 फरवरी को बांग्लादेश के इतिहास में पहली छात्र-नेतृत्व वाली राजनीतिक पार्टी के रूप में हुई थी। बांग्लादेश के 2024 के छात्र विद्रोह के नेता उस्मान हादी का गुरुवार को ढाका में 12 दिसंबर को हुए हमले में लगी गोली के कारण निधन हो गया। हादी को आपातकालीन चिकित्सा उपचार के लिए 15 दिसंबर को बांग्लादेश से हवाई मार्ग से सिंगापुर जनरल अस्पताल (एसजीएच) के न्यूरोसर्जिकल गहन चिकित्सा इकाई में ले जाया गया। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा, एसजीएच और राष्ट्रीय न्यूरोसाइंस संस्थान के डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद, हादी ने 18 दिसंबर 2025 को अपनी चोटों के कारण दम तोड़ दिया। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब बांग्लादेश अभी तक युवा नेता शरिफउस्मान हादी की हत्या से उबर नहीं पाया है। हादी को 12 दिसंबर को ढाका के बिजयनगर इलाके में चुनाव प्रचार के दौरान नकाबपोश हमलावरों ने सिर में गोली मार दी थी। 32 वर्षीय हादी को इलाज के लिए सिंगापुर ले जाया गया था।

### अंतरिम सरकार की प्रतिक्रिया

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने हादी की मौत पर देशभर में शोक दिवस मनाया था और हत्यारों को पकड़ने का भरोसा दिया था। हालांकि, नए हमले ने सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हादी की हत्या के बाद ढाका और अन्य बड़े शहरों में दोबारा हिंसक प्रदर्शन देखे गए थे और अब खूलना की यह घटना हालात के और बिगड़ने के संकेत दे रही है। नेशनल सिटिजन पार्टी की स्थापना इसी साल 28 फरवरी को की गई थी। यह पार्टी स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन और जातीय नागरिक समिति के नेतृत्व में बनी और इसे बांग्लादेश की पहली छात्र-नेतृत्व वाली राजनीतिक पार्टी माना जाता है। यह पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद अस्तित्व में आई थी।

CMYK

# डीएवी जांता का जिला स्तरीय युवा उत्सव में रहा दबदबा

## जिला स्तरीय युवा महोत्सव में लहराया परचम



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जांता बेमेतरा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के कुल 49 विद्यार्थियों ने 09 विभिन्न विधाओं में सहभागिता की, जिनमें से 07 प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर विद्यालय ने अपनी सांस्कृतिक व रचनात्मक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीपेश साहू विधायक, बेमेतरा, ईश्वर साहू विधायक, साजा तथा कल्पना योगेश तिवारी अध्यक्ष, जिला पंचायत बेमेतरा उपस्थित रहीं।

विशिष्ट अतिथियों में प्रह्लाद रजक अध्यक्ष, रजककार बोर्ड एवं ओम प्रकाश जोशी पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शामिल रहे। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने एकांकी नाटक एवं कहानी लेखन में प्रथम स्थान, सुवा नृत्य, पंथी नृत्य एवं नवाचार में द्वितीय स्थान, जबकि लोक गीत एवं कविता लेखन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकांकी नाटक एवं कहानी लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन 23 से 25 तारीख तक बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए किया गया है। यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत के साथ-साथ संगीत शिक्षक राजा तंतुवाय एवं अन्य प्रभारी शिक्षक-शिक्षिका अभिषेक दूबे, संदीप साहू, स्वप्निल शर्मा, अकलेश पटेल, आयुषी जैन, दीपिका वर्मा, रेणुका पटेल एवं ममता चंद्राकर और समस्त डीएवी परिवार के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के प्राचार्य पी. एल. जायसवाल ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों, पालकों, शिक्षकों एवं संपूर्ण डी.ए.वी. परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए और इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और निरंतर परिश्रम का फल है। साथ ही यह हमारे शिक्षकों के समर्पण, मार्गदर्शन और सामूहिक प्रयास का प्रमाण है। डी.ए.वी. परिवार सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे। विद्यालय के छात्रों ने सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाला एकांकी नाटक का मंचन किया। जिसमे नक्सल प्रभावित व्यक्तियों को मुख्यधारा समाज में पुनः एकीकृत करने के महत्वपूर्ण सामाजिक विषय पर केंद्रित एक प्रभावशाली एकाकी का शानदार प्रदर्शन किए। छात्रों द्वारा अत्यंत उत्साह और रचनात्मकता के साथ प्रस्तुत इस नाटक का उद्देश्य जीवन परिवर्तन में शिक्षा और सामुदायिक सहयोग के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था।

प्रस्तुति में चरमपंथी विचारधाराओं से प्रभावित व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर किया गया और उन्हें मुख्य मार्ग पर वापस लाने में सरकार की पुनर्वास योजना से जोड़कर समाज और शिक्षा की भूमिका पर बल दिया गया। स्कूल के शिक्षक अभिषेक दुबे व दीपिका वर्मा ने नाटक की तैयारी और प्रस्तुति के दौरान छात्रों को विशेष सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे नाटक सफल रहा, दर्शकों ने कला और प्रस्तुति के माध्यम से इतने सार्थक संदेश को संप्रेषित करने हेतु छात्रों के प्रयास की सराहना की। मनोरंजन और सामाजिक जागरूकता के संयोजन के लिए इस कार्यक्रम की प्रशंसा की गई, जो जिम्मेदार और सामाजिक रूप से जागरूक नागरिकों के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सभी दर्शकों ने मन मुग्ध हो गए, साथ ही डीएवी के बच्चों ने खूब तालियां बटोरी व उनके खूब सहराना किया गया। विद्यालय से शिक्षक ललित देवांगन, गोविंद साहू, विमल साहू, ऐश्वर्य देशमुख, प्रवीण कुमार, पूनम शर्मा, शोभा रानी, रितिका साहू, लेखनी चंद्राकर, प्रीति यादव, आर्य निधि, गौरी यादव, भारती, अनिल कुमार, कैलाश सिंह, अन्नू चन्द्रकाकर, मननी, सुखदेव साहू, रूखमणी, रामेश्वरी, युवराज चंद्राकर, नरेश, विजय चंद्राकर आदि सभी ने हर्ष व्यक्त किया।

# डी-मैक क्लब ने धूमधाम से मनाया गुरु घासीदास जयंती



**दल्लीराजहरा।** डी-मैक (दल्ली मार्डन आर्ट क्लब) द्वारा गुरु घासीदास जयंती बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और सामाजिक समरसता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्लब की महिलाओं ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि संस्था हर वर्ष सभी धर्मों और महापुरुषों के त्योहारों को समान आदर के साथ मनाती है। इस वर्ष गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर उनकी नीति, विचारों और उपदेशों को स्मरण करते हुए एक विशेष नृत्य वीडियो तैयार किया गया। बाबा की वाणी और संदेशों पर आधारित भक्ति गीत पर पंथी नृत्य प्रस्तुत कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी महिलाओं ने गुरु घासीदास बाबा के उपदेशों को जीवन में अपनाने तथा अपने बच्चों को उनकी शिक्षा और मार्गदर्शन पर चलाने की सामूहिक प्रतिज्ञा ली साथ ही समाज में एकता, भाईचारे और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। डी-मैक डांस अकादमी की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत यह नृत्य गुरु घासीदास बाबा को समर्पित रहा, जिसने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक सदभाव का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। गुरु घासीदास बाबा का नाराः मनखे-मनखे एक समान, सत्य ही ईश्वर है।

# दल्लीराजहरा के सभी 27 वार्डों में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान शुरू



**दल्लीराजहरा।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन दल्ली राजहरा के सभी 27 वार्ड में पोलियो बूथ में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र गांधी चौक में नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाकर शुभारंभ किया गया। सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने बताया अभियान को सफल बनाने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों को पोलियो बूथ बनाया गया था। हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखे हुए प्रति वार्ड में पोलियो बूथ बनाया गया था। बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें, पोलियो की खुराक हर बार पिलायें। पल्स पोलियो अभियान में नगरवासियों, स्वास्थ्य कर्मचारीगण, मितानिनगण का सहयोग रहे। नगर में 2258 बच्चों पोलियो ड्रॉप्स पिलाया गया।

# अंबेडकर से बड़ा सनातनी कोई दूसरा नहीं : कुलश्रेष्ठ




**बेमेतरा।** बेमेतरा के किंग्स महल होटल के सभागार में स्मृतिशेष जीवनधर ज़ी दीवान के प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने भारत का अमृतकाल अवसर एवं चुनौतियाँ विषय पर बेमेतरा ज़िले के नगरवासियो को संबोधित किया। विशेष व्याख्यान कार्यक्रम की शुरुआत पर शंखनाद कर कुलश्रेष्ठ का स्वागत सभागार में किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रोताओ द्वारा करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया गया। कुलश्रेष्ठक ने अपने 3 घंटे के उदबोधन में सनातनी समाज के सभी लोगो को जाती वर्ग से ऊपर उठने को प्रेरित किया एवं सनातनी होने पर ज़ोर दिया इस परिप्रेक्ष्य में उन्होंने अपना परिचय भी अपने अंदाज़ में दिया और कहा कि मैं पुष्पेंद्र मैं सनातनी हूँ कहकर संबोधित किया। कुलश्रेष्ठ ने भारत की भूमि को ही भारत माता कहकर स्वीकार करने और इसकी रक्षा करने को प्रेरित किया। कुलश्रेष्ट ने अम्बेडकर को सबसे बड़ा सनातनी बताया और कहा की अंबेडकर से बड़ा सनातनी कोई दूसरा नहीं हुआ। उन्होंने समाज के लोगो को आवाहन किया कि समाज के लोग सरकारो पर निर्भर ना रहे जागरूक रहे और अपनी आवाज़ बुलंद करते रहे संगठित रहे अपने लोगो का साथ थे।

उन्होंने मंदिरों में दिये दान का सरकारी उपयोग किए जाने को लेकर भी विस्तृत व्याख्या की और कहा कि भारत में धर्म कर्तव्य के रूप के रूप में इसलिए सभी धर्म एक समान हो ही नही सकते हैं। जाति प्रथा को लेकर भी कहा कि जाति कर्म आधारित रही है जन्म आधारित कभी नही रही है। कुलश्रेष्ठ के पहुंचते ही सभागार वन्दे मातरम् एवं भारत माता की जय नारो से गूंज उठा तत्पश्चात् माँ सरस्वती पूजन कर स्मृतिशेष जीवनधर दीवान के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात् पुष्पगुच्छ एवं माला प्रेषित कर आयोजकों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया।

### समाज प्रमुखों के साथ बैठक

कुलश्रेष्ठ बेमेतरा पहुँचे जहाँ पुराना बस स्टैंड चौक में पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित नगरवासियों एवं आयोजको द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत माँ भद्रकाली माता माँ शीतला माता एवं राम मंदिर का दर्शन कर वे किंग्स महल होटल पहुँचे जहाँ सर्व समाज की बैठक में उन्होंने बेमेतरा ज़िले के 50 से अधिक समाज प्रमुखों से चर्चा की एवं समाज के दायित्व विषय पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर सनातनी समाज के विविध घटकों में से सिंघरौर कुर्मी समाज से राजेन्द्र वर्मा ललित वर्मा, क्षत्रिय समाज से चंद्रशेखर सिंह राजपूत पद्मराज भुवाल, गोपाल सिंह राजपूत, साहू समाज से कमला साहू शीलू साहू गिरिश साहू, सतनामी समाज से विजय डेहरे टोपसिंग टंडन, सिंधी पंचायत से प्रकाश सुखवानी, यादव समाज से भागीरथी यदु दामोदर यदु रंगी यदु नंदकुमार यदु, मेहर समाज से दिनेश जोशी जगदीश मिर्झा, निषाद समाज से केजहा राम निषाद रेवाराम निषाद नरेंद्र निषाद निषाद समाज से केजहा राम निषाद रेवाराम निषाद सिंहा समाज से भूपेंद्र सिंहा, देवांगन समाज से घनश्याम देवांगन युगल देवांगन, शुभम देवांगन, सोनी समाज से शेखर सोनी, मनीष सोनी, माहेश्वरी समाज से अरुण राठी देवरतन तापड़िया चंद्रप्रकाश मूंदड़ा अग्रवाल समाज से राहुल अग्रवाल, गुप्ता समाज से दीपक गुप्ता, मयंक गुप्ता, मानिकपुरी समाज से संतोष दास, बरई समाज से विकास तंबोली, रजक समाज से रुपेश रजक, अमरीका निर्मलकर, सिक्ख समाज से दिलिप सलूजा, सर्व हिंदु समाज से शत्रुहन साहू, रौशन दत्ता, निर्भय गोस्वामी, सहयोग संस्था से सुशील शर्मा, सिद्धांत तिवारी रजत दुबे नेहल शर्मा पीयूष शर्मा, नीलू राजपूत आदि सामाजिक कार्यकर्ता वस्त्रदान समिति के डॉ. अविनाश तिवारी तथा नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा रजक आयोग अध्यक्ष प्रहलाद रजक, सरस्वती शिशु मंदिर अध्यक्ष अनिल माहेश्वरी प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

### 6 गणमान्य नागरिकों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर कैप्टन मदनमोहन बाजपेयी, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक नारायण साहू, सेवानिवृत्त सहायक संचालक बीएस वर्मा, समाजसेवी देवरतन तपड़िया, सुशील शर्मा, सुबोध अग्रवाल का सम्मान कुलश्रेष्ठ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश गौतम, साहित्यकार ने किया। जबकि आभार प्रदर्शन स्व.दीवान के पौत्र वसुमित्र दीवान ने किया। इस अवसर पर किंग्स महल के सभागार में पूरे जिले से लगभग 800 श्रोता गण लगातार चार घंटे शांति पूर्वक बैठकर नगर के दिवंगत प्राचार्य को अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किए। नगर के इतिहास में ऐसा भव्य आयोजन पहिली बार हुआ, जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

# जिला बेमेतरा में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का भव्य शुभारंभ




बेमेतरा। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ पर 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल, बेमेतरा में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम विजय सिन्हा, अध्यक्ष, नगर पालिका बेमेतरा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों द्वारा बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर, सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू, नोडल अधिकारी डॉ. बी.एल. राज, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाडे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे, पार्षद नीतु कोठारी, अस्पताल सलाहकार डॉ. स्वाति यदु, बी.ई.ई. प्रकाश भारती, जिला मीडिया प्रभारी संजय तिवारी, बूथ टीम के सदस्य, अभिभावकगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय सघन अभियान

जिले में सघन पल्स पोलियो अभियान तीन दिनों तक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शून्य से 05 वर्ष तक की आयु के कुल 96,085 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिले में कुल 801 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। साथ ही 14 ट्रांजिट टीमें एवं 4 मेला-बाजार के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। अभियान के पहले दिन 21 दिसम्बर 2025 को सभी पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। दूसरे एवं तीसरे दिन 22 और 23 दिसम्बर 2025 को बूथ स्तर पर छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीमों द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जाएगा।

### अभिभावकों से जिम्मेदारी निभाने की अपील

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं और समय पर लगने वाले सभी टीकों के साथ-साथ पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने जच्चा-बच्चा कार्ड को बैंक पासबुक की तरह सुरक्षित रखने की भी सलाह दी।

### शत-प्रतिशत उपलब्धि का लक्ष्य

अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज ने उपस्थित अभिभावकों एवं जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि जिले का कोई भी बच्चा पोलियो की दो बूंद खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि बेमेतरा मैदानी जिला होने के कारण शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने की पूरी संभावना है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपने शून्य से 05 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर दवा पिलाने की अपील की, ताकि पोलियो का पुनः प्रवेश देश में न हो सके।

### मेले और पहुंचविहीन क्षेत्रों में भी व्यवस्था

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने जानकारी दी कि बेमेतरा शहर के समीपस्थ ग्राम लोलेसरा में आयोजित कबीर पंथ मेला में भी पल्स पोलियो बूथ की व्यवस्था की गई है, ताकि मेले में आने वाले लक्षित आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों, ईंट भट्ठों, घुमंतू समूहों एवं मलिन बस्तियों में मोबाइल टीमों द्वारा बच्चों का चिन्हांकन कर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े ने बताया कि अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु जिला एवं विकासखंड स्तर से लेकर बूथ स्तर तक निगरानी एवं निरीक्षण के लिए अधिकारियों की टीम गठित की गई है। ये टीमें अभियान की सतत मॉनिटरिंग करेंगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, शिक्षा विभाग एवं मितानिन कार्यक्रम का सक्रिय सहयोग इस अभियान को मिल रहा है।

# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी मंत्री दयाल दास बघेल से भेंट करने पहुंची



**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, जिला बेमेतरा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री एवं जिले के अभिभावक मंत्री दयाल दास बघेल से मुलाकात कर अपने नवीन दायित्व के लिए आभार प्रकट किया,यह भेंट केवल औपचारिक नहीं, बल्कि जिले की महिला राजनीति को नई धार देने वाला संदेश मानी जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री दयाल दास बघेल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन महिलाओं के बल पर मजबूती से खड़ा है और आने वाले चुनावों में महिला मोर्चा निर्णायक भूमिका निभाए,उन्होंने कहा कि प्रज्ञा निर्वाणी जैसी अनुभवी जमीनी कार्यकर्ता के नेतृत्व में महिला मोर्चा बेमेतरा में विपक्ष के हर भ्रम और झूठी राजनीति का करारा जवाब देगा तथा केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुँचाने वाला साबित होगा, मंत्री बघेल ने यह भी कहा कि भाजपा महिला मोर्चा केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि सामाजिक सरोकार, महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर आक्रामक जनसंपर्क अभियान भी चलाए। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए पद नहीं, बल्कि जनसेवा और संगठनात्मक संघर्ष का संकल्प है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा बेमेतरा में हर बूथ पर सक्रिय रहकर विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को बेनकाब करेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों को महिलाओं की आवाज़ बनाएगा। प्रज्ञा निर्वाणी ने भरोसा दिलाया कि महिला मोर्चा अब केवल सहयोगी इकाई नहीं, बल्कि चुनावी रणभूमि में भाजपा की अग्रिम पंक्ति के रूप में कार्य करेगा। भेंट के दौरान आगामी चुनावों, संगठन विस्तार, महिला मतदाता संवाद और विशेष जनसंपर्क अभियानों को लेकर रणनीतिक चर्चा भी हुई, जिसे भाजपा के आगामी राजनीतिक रोडमैप का संकेत माना जा रहा है, उनके साथ डॉ सौरव निर्वाणी भी आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने डौण्डीलोहरा विकासखण्ड के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया



**दल्लीराजहरा।** कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने 19 दिसम्बर को डौण्डीलोहरा विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र गैंजी एवं डौण्डी विकासखण्ड के चिखलाकसा, कोटागांव, भर्रीटोला एवं घोटिया धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर संपूर्ण व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने सभी धान खरीदी केन्द्रों में दस्तावेजों का अवलोकन कर अब तक खरीदी गए कुल धान की मात्रा, ग्रामवार धान की औसत पैदावार, रकबा समर्पण की स्थिति आदि का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। कलेक्टर मिश्रा ने नियमानुसार वास्तविक किसानों के वास्तविक धान की शत प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में कोचियों, व्यापारियों आदि से अवैध धान की खरीदी न की जाए। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को इसके लिए पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर मिश्रा ने डौण्डी विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र चिखलाकसा के निरीक्षण के दौरान खरीदी गए धान बोरों की तौल भी करवाया। मौके पर तौल कराए गए सभी 04 बोरों में धान की निर्धारित मात्रा 40 किलो 680 ग्राम से अधिक लगभग 41 किलो ग्राम धान पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। इसके लिए उन्होंने मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक एवं कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए समिति प्रबंधक भगवान सिंह ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम शिवनाथ बघेल, डिप्टी कलेक्टर आशीष पेंद्रो, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं आरपी राठिया, जिला खाद्य अधिकारी तुलसीराम ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र गैंजी के निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केन्द्र में अब तक रकबा समर्पण कराए गए कुल कृषकों की संख्या तथा एक टोकन वाले किसानों के अलावा 02 एकड़ से अधिक एवं 10 एकड़ से अधिक वाले कुल किसानों की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने अपने धान की बिक्री कराने पहुँचे किसान दीपक यामले से बातचीत कर उन्हें धान की बिक्री करने के पश्चात् शेष रकबे का समर्पण करने की समझाईश दी। किसान यामले द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान के अलावा उनके घर में रखे गए लगभग 130 क्विंटल धान की बिक्री भी किसी अन्य दिवस पर करने की जानकारी दी गई। इस पर कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी एवं अन्य अधिकारियों की टीम किसान के घर भेजकर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। जिससे कि किसी भी प्रकार की अवैध धान की खरीदी बिक्री न हो सके। मिश्रा ने किसानों द्वारा पहले टोकन में धान बिक्री के पश्चात दूसरे टोकन कटाए जाने पर सत्यापन के उपरांत ही इन कृषकों के धान की खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित डिप्टी कलेक्टर आशीष पेंद्रो को प्रतिदिन इसका रिपोर्ट इसका रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को नमी मापक यंत्र के माध्यम से बिक्री हेतु लाए गए धान की नमी जाँच करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों को धान खरीदी केन्द्र में केवल साफ-सुथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान ही बिक्री हेतु लाने की समझाईश दी। इस दौरान मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र चिखलाकसा में पहुँचकर नोडल अधिकारी, समिति प्रबंधक एवं निगरानी समिति के सदस्यों से धान खरीदी केन्द्रों के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने रकबा समर्पण पंजी का अवलोकन कर अब तक रकबा समर्पण कराए गए कुल किसानों की संख्या के संबंध में जानकारी ली। मिश्रा ने नोडल अधिकारी एवं निगरानी समिति के सदस्यों को प्रतिदिन सुबह अनिवार्य रूप से धान खरीदी केन्द्र में पहुँचकर धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होने अधिकारी-कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि डबल टोकन काटे जाने की स्थिति में रकबा सत्यापन के उपरांत ही संबंधित कृषक का धान की खरीदी कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में अब तक धान बिक्री करने वाले किसानों की कुल संख्या एवं खरीदी की कुल मात्रा के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने पिछले वर्ष की औसत धान खरीदी की मात्रा आदि के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर धान खरीदी केन्द्रों के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को धान की बिक्री के उपरांत शेष रकबे का अनिवार्य रूप से समर्पण करने की समझाईश दी। इस मौके पर धान बिक्री के उपरांत अनेक किसानों का शेष रकबे का समर्पण भी कराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### हवा की दिशा बदलते ही ठंड की ठिठुरन हुई कम

**रायपुर।** प्रदेश में हवा की दिशा परिवर्तन होने के कारण आगामी दो दिनों से ठंड की ठिठुरन कम हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान बढ़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार इसके पश्चात ठंड बढ़ने के आसार हैं। मौसम विभाग के प्रमुख डॉ. चन्द्रा के अनुसार उत्तर से आने वाली ठंडी हवाएं की दिशा बदल गई है। जिसके कारण दिन का तापमान बढ़ते जा रहा है। इस समय राजधानी में भारी ठंड पड़ने के कारण लोग शाम होते अपने घरों में चले जाते हैं। वहीं उत्तर छत्तीसगढ़ में ठंड का भारी प्रकोप है, अम्बिकापुर, पेण्ड्रारोड, बिलासपुर एवं जशपुर में न्यूनतम 5 डिग्री तक चला गया है। राजधानी में इस समय ठंड पड़ने के कारण गर्म कपड़ों की बिक्री भी धड़ल्ले से बिक रही है। जैकेट और कंबल भी बिक रहे हैं, जिसे लोग धड़ल्ले से खरीद रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन तापमान बढ़ेगा। प्रदेश की राजधानी रायपुर शहर में शीतलहर से आमजनों को सुरक्षा और त्वरित राहत देने नगर पालिक निगम के जोन कार्यालयों के माध्यम से जयस्तम्भ चौक के समीप, रेल्वे स्टेशन के पास, मेकाहारा परिसर, पुराना बस स्टेण्ड पंडरी, महोबा बाजार हॉट बाजार, नेताजी सुभाष स्टेडियम परिसर, बड़ा अशोक नगर, रोटरी नगर, टाटीबंध चौक के समीप, शंकर नगर, अवन्ति विहार कॉलोनी सहित राजधानी शहर में लगभग 30 से भी अधिक विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने की प्रतिदिन नियमित व्यवस्था दी जा रही है। नगर निगम रायपुर द्वारा विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिदिन नियमित अलाव जलाने की व्यवस्था देने से इससे शहर के निवासी प्रतिदिन सैकड़ों आमजनों को लगातार बढ़ती शीतलहर से सहज बचाव सहित त्वरित राहत मिल रही है।

### कानून-व्यवस्था पर भूपेश बघेल के आरोपों पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव का पलटवार

**रायपुर।** प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आरोपों पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने तीखा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ को डर के माहौल में रखा गया था, ऐसे में उन्हीं लोगों द्वारा सवाल उठाना उचित नहीं है। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य में नशे और नक्सलवाद के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। यदि कोई घटना होती है तो उस पर तुरंत कदम उठाए जा रहे हैं और अपराधी चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसे छोड़ा नहीं जा रहा।मीडिया से बातचीत में अरुण साव ने बताया कि वे भोपाल रवाना हो रहे हैं, जहां शहरी आवास से जुड़ी भारत सरकार की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में चार राज्यों के शहरी आवास मंत्रियों के साथ केंद्र सरकार की संशोधित योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।नया रायपुर को तहसील बनाने के प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है और आम जनता से दावा-आपत्तियां भी आमंत्रित की गई हैं। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में छत्तीसगढ़ की भूमिका को लेकर अरुण साव ने कहा कि पार्टी का संविधान स्पष्ट प्रक्रिया तय करता है।

### गुम बालिका को बरामद कर उनके परिजनो को किया सुपुर्द

**रायपुर।** मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया द्वारा दिनांक 24.07.2025 को रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसकी नाबालिक बालिका को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा माता पिता के विधिपूर्ण संरक्षण से बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में गुम इंसान एवं अपराध क्रमांक 327/2025 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत् अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता (भा0पु0से0) के द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए गुम बालिका के पतासाजी हेतु दिये मार्गदर्शन पर अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं वैशाली जैन (भा0पु0से0) एवं पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर द्वारा गुम बालिका के पतासाजी हेतु प्रयास किया जा रहा था कि गुम बालिका के अलमसगुडा (हैदराबाद) में होने की सूचना प्राप्त होने उपरान्त थाना प्रभारी एमन साहू द्वारा वरिष्ठ अधिकारी को अवगत करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गुम बालिका के पतासाजी के संबंध में टीम गठित कर रवाना किया तथा गठित टीम टीम द्वारा गुम बालिक को अलमसगुडा (हैदराबाद) से बरामद कर दस्तयाब शुमार कर बालिका को उनके माता-पिता को सुपुर्दनामे पर दिया गया।

### शराब पीने के लिए पैसे नही देने पर मारपीट,आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** जिले की चौकी चिखली पुलिस ने शराब पीने के लिये पैसे का मांग करने तथा नही देने पर मारपीट करने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चौकी चिखली उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 16.12.2025 को दोपहर लगभग 3 बजे शराब लेने के लिए चिखली शराब दुकान गया था विजय यादव दारू व पैसा मांगने लगा दारू नही देने पर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर मेरे दारू का पौवा को ले लिया और उसी पौवा से मेरे सिर मे मार कर चोट पहूंचाया ।

---


छत्तीसगढ़ी सिनेमा हमारी लोकसंस्कृति और अस्मिता का जीवंत दस्तावेज

# छग सिनेमा के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार संकल्पित

- मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय रजत जयंती पर छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सफर कार्यक्रम में हुए शामिल : वरिष्ठ कलाकार एवं निर्माता हुए सम्मानित

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ी फिल्मों का सफर कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी सिनेमा की विकास यात्रा, उपलब्धियों और उज्ज्वल भविष्य पर विस्तार से अपने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम के गठन में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि छालीवुड की सशक्त नींव रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने निगम के प्रथम अध्यक्ष स्वर्गीय श्री राजेश अवस्थी का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि उनका असामयिक निधन न केवल छत्तीसगढ़ी सिनेमा, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा आज एक नए दौर में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने निगम की वर्तमान अध्यक्ष सुश्री मोना सेन को एक अनुभवी, कर्मठ और समर्पित कलाकार बताते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में छालीवुड का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ी फिल्में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की संस्कृति, कला और पहचान को और अधिक सशक्त रूप में स्थापित करेंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ में फिल्म निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 1957 से प्रदेश में फिल्मों के निर्माण का सिलसिला प्रारंभ हुआ। उन्होंने भूलन कांदा



उपन्यास पर आधारित फिल्म भूलन द मेज को प्राप्त राष्ट्रीय पुरस्कार को पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया।मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा की जड़ें लोक संस्कृति, लोककथाओं और सामाजिक सरोकारों से गहराई से जुड़ी हैं, जो इसे विशिष्ट पहचान प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा हमारी लोकसंस्कृति और अस्मिता का जीवंत दस्तावेज है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ी फिल्मों के विकास को लेकर पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का निर्माण किया जा रहा है, जिसके लिए 150 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश में छालीवुड का भविष्य स्वर्णिम है और फिल्म उद्योग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक वर्ष प्रदेश के चहुंमुखी विकास की नई इबारत लिख रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी फिल्म विकास की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले निर्माताओं और वरिष्ठ कलाकारों श्री मोहन सुंदरानी, श्री सतीश जैन, श्री संतोष जैन, श्री मनोज वर्मा, श्री अनुज शर्मा और श्री प्रेम चंद्राकर को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन ने मुख्यमंत्री श्री साय का अभिनंदन करते हुए निगम के पुनर्गठन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी फिल्म मोर छइंहा भुइंया के निर्माता श्री सतीश जैन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस फिल्म ने छत्तीसगढ़ी सिनेमा को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

## पांच किलोग्राम गांजा व जंगली जीव गोह की तस्करी करते एक गिरफ्तार

रायपुर। संवाददाता

जिले की आरंग थाना पुलिस ने 5 किलोग्राम गांजा एवं जंगली जीव गोह की तस्करी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 5 किलोग्राम गांजा तथा गांजा बिक्री की नगदी रकम 1,27,260 रूपये किया जब्त किया है। पकड़ा गये आरोपी के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में एक दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध है साथ ही आरोपी हत्या के मामले में भी आजीवान कारावास की सजा काट चुका है। बता दें कि पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देश में नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय के तहत मादक पदार्थो की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से उनकी खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 20.12.2025 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आरंग क्षेत्रांतर्गत इन्दिरा चौक स्थित मोनू ब्रायलर दुकान के पास एक्टिवा वाहन में सवार एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी आरंग को आरोपी की पतासाजी कर गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये वाहन एवं हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी करते हुये व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम हुकुमत साहू निवासी देवारपारा तेलीबांधा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास गांजा, बिक्री नगदी रकम तथा एक झोला में दो नग जंगली जीव गोह (गोइंहा) रखा होना पाया गया।

## कोकीन तस्करी मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गोंदिया से किया गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में बीते दिन प्रतिबंधित मादक पदार्थ कोकिन के गिरफ्तार किये गये महाराष्ट्र के अंतर्राज्यीय आरोपी की गिरफ्तारी के बाद बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर पुलिस ने मामले में एक और आरोपी आवेश सैय्यद को गोंदिया महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। बता दें कि थाना गंज के अपराध क्रमांक 334/25 धारा 22 नारकोटिक एक्ट के प्रकरण में दिनांक 18.12.2025 को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गंज क्षेत्र में अंतर्राज्यीय आरोपी हर्ष नरेश पांडेय पिता नरेश पांडेय उम्र 22 वर्ष निवासी सिविल लाईन माता मंदिर के पास गोंदिया महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया था।

---

सांसद बृजमोहन अग्रवाल की पहल लाई रंग

# रायपुर एयरपोर्ट से शुरू होगी अंतर्राष्ट्रीय एयर कार्गो सुविधा

रायपुर/ संवाददाता

रायपुर लोकसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल की सतत और प्रभावी पहल का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से शीघ्र ही अंतर्राष्ट्रीय एयर कार्गो सेवा प्रारंभ होने जा रही है, जिससे छत्तीसगढ़ के औद्योगिक, व्यापारिक और निर्यात क्षेत्रों को बड़ी गति मिलेगी। यह महत्वपूर्ण जानकारी केंद्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में दी। उन्होंने बताया कि रायपुर एयरपोर्ट पर अंतर्राष्ट्रीय एयर कार्गो सुविधा के विकास हेतु 16 जून



2025 को छत्तीसगढ़ सरकार, नागर विमानन मंत्रालय तथा एएआईसी एलएएस के बीच त्रिपक्षीय समझौता संपन्न हो चुका है और इस दिशा में कार्य प्रगति पर है। गौरतलब है कि सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में छत्तीसगढ़ के विमानपत्तनों की वर्तमान स्थिति, भविष्य की योजनाओं तथा हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार को लेकर विस्तारपूर्वक प्रश्न उठाए थे। उन्होंने रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, रायगढ़, कोरबा एवं अंबिकापुर सहित प्रदेश के सभी प्रमुख विमानपत्तनों/हवाईपट्टियों की परिचालन स्थिति, उड़ान मार्गों की संख्या, 'उड़ान' योजना की प्रगति, रायपुर को अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन का दर्जा देने की समयसीमा, कार्गो व सीमा शुल्क सुविधाओं, एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) केंद्र की स्थापना तथा उद्योग-अनुकूल उड़ान नीति जैसे विषयों को लोकसभा में सरकार के समक्ष मजबूती से रखा।

---

## 14 धान केन्द्रों में खरीदे गये धान का तीन चौथाई हिस्सा परिवहन का बाट जोह रहा

रायपुर । संवाददाता

मंदिर हसौद और आरंग सहकारी बैंक शाखा के अधीन आने वाले 14 धान खरीदी केन्द्रों में बीते एक माह में खरीदे गये धान का महज एक ही हिस्सा का अब तक परिवहन हो पाया है और शेष तीन चौथाई हिस्सा परिवहन का बाट जोह रहा है । मंदिर हसौद शाखा के अधीन आने वाले टेकारी धान खरीदी केंद्र में तो परिवहन का बोहनी भी नहीं हो पाया है जहां लगभग 18 हजार क्विंटल धान जाम है वहीं चंदखुरी शाखा के अधीन आने वाले नारा धान खरीदी केंद्र में अब तक खरीदे गये लगभग 25 हजार क्विंटल धान में से महज 200 क्विंटल धान का ही परिवहन हो पाया है । इन सभी 14 धान खरीदी केन्द्रों में अब तक खरीदे गये लगभग 2 लाख 25 हजार क्विंटल धान में से महज लगभग 60 हजार क्विंटल धान का ही मिलर्स द्वारा उठाव किया गया है व बचे तकरीबन 1 लाख 65 हजार क्विंटल धान का उठाव बाकी है । इन धान उपार्जन केन्द्रों का जायजा लेने व किसानों से रुबरु होने के बाद किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने जानकारी दी है कि प्रभावी परिवहन न होने पर कई केन्द्रों में देर सबेर खरीदी व्यवस्था लड़खड़ाने की आंशका है तो होने वाले सूखती की वजह से सोसायटियों को आर्थिक क्षति भी होने की संभावना है । चंदखुरी शाखा के अधीन आने वाले खौली केन्द्र में खरीदे गये लगभग 17 हजार क्विंटल धान में से करीबन 15 हजार क्विंटल धान का उठाव बाकी होने , नगपुरा में खरीदे गये 20 हजार क्विंटल में से 12 हजार का , चंदखुरी में उपार्जित धान 10 हजार क्विंटल में से 7 हजार का , मुनरैठी में खरीदे गये 13 हजार क्विंटल में से 9 हजार का , नरदहा में खरीदे गये 13 हजार क्विंटल में से 4 हजार क्विंटल का उठाव शेष रहने की जानकारी देते हुये उन्होंने बतलाया है कि सर्वाधिक बेहतर स्थिति पचेड़ा केन्द्र का है जहां उपार्जित धान 16 हजार क्विंटल में से महज डेढ़ सौ क्विंटल परिवहन हेतु शेष है । मंदिर हसौद शाखा के अधीन आने वाले केन्द्रों में से गनौद में खरीदे गये करीबन 30 हजार क्विंटल में से 25 हजार का, पलौद में उपार्जित 20 हजार क्विंटल में से 15 हजार , खुटेरी में खरीदे गये 14 हजार क्विंटल में से 12 हजार , गोढ़ी में उपार्जित 35 हजार क्विंटल में से 25 हजार व मंदिर हसौद में खरीदे गये 16 हजार क्विंटल में से 9 हजार क्विंटल धान परिवहन हेतु बाकी रहने की जानकारी देते हुये उन्होंने बतलाया है ।

## रायपुर में पहली बार खुले आसमान तले ड्राइव-इन मूवी का अनुभव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मनोरंजन का एक नया अंदाज शुरू होने जा रहा है। एमएसएमई द फेरेबिस द फेरेबिस की पहल पर शहर में पहली बार ड्राइव-इन मूवी शो का आयोजन किया जा रहा है। यह शो सेंध लेक ग्राउंड में रखा गया है और इसका पहला प्रदर्शन रविवार, 21 दिसंबर को होगा। इस पहल के तहत आने वाले वीकेंड्स और खास अवसरों पर भी ड्राइव-इन मूवी आयोजित की जाएगी। पहले शो में दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे दिखाई जाएगी, जो अपने 30वें एनिवर्सरी सेलिब्रेट कर रही है। यह शो शाम 5.45 बजे से शुरू होगा। साथ ही, उसी दिन मोहब्बतें का टेलीकास्ट रात 10.25 बजे से होगा, जो अपनी सिल्वर जुबली वर्ष मना रही है। द फेरेबिस की फाउंडर अनंता जायसवाल ने बताया कि खुले आसमान के नीचे फिल्म देखना दर्शकों के लिए बिल्कुल नया और अनोखा अनुभव होगा। लेकसाइड पर साफ-सुथरे माहौल में विशाल स्वच्छ वॉल पर स्क्रीनिंग होगी। फिल्म का ऑडियो कार के रेडियो एफएम सिस्टम के जरिए सुना जा सकेगा। अगर दर्शक सराउंड साउंड का अनुभव लेना चाहें, तो विंडो खोलकर फ्लोर साउंड का भी आनंद लिया जा सकता है। यह डबल ऑडियो सिस्टम वाला मॉडल पूरे देश में पहला है।

---

## बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर मंत्री ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



- पल्स पोलियो अभियान- प्रथम दिवस 98.22 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त
- शेष छूटे हुए बच्चों को 22 एवं 23 दिसम्बर 2025 को कार्यकर्ता दल द्वारा गृह भ्रमण कर पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएगी

रायपुर/ संवाददाता

पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ श्री लखन लाल देवांगन, केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन (वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री) तथा श्रीमती संजू देवी राजपूत, महापौर नगर पालिक निगम के मुख्य आतिथ्य में नन्हें बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रानी धनराज कुवंर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोरबा में किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. के. सिंह, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री पद्माकर शिन्दे, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक राज, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. यामिनी बोडे एवं डॉ. अन्नपूर्णा बोडे, श्री प्रफुल्ल तिवारी, श्री नरेन्द्र पाटनवार सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिले के समस्त विकासखण्डों में भी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। मंत्री श्री देवांगन ने पल्स पोलियो अभियान के प्रथम चरण के शुभारंभ पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए आमजन एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाने में सहयोग करें। जिले में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु सुदृढ़ कार्ययोजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत जिले में कुल 1578 टीकाकरण बूथ स्थापित कर टीकाकरण कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। साथ ही प्रत्येक पारा-मोहल्ला, चौक-चौराहा, बाजार एवं हॉट में भी 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाने की व्यवस्था की गई। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सुपरवाइजरों की तैनाती की गई है। पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर लक्षित 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 1,72,423 शिशुओं के विरुद्ध 1,69,355 शिशुओं को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई, जिससे जिले की उपलब्धि 98.22 प्रतिशत रही। शेष छूटे हुए बच्चों को 22 एवं 23 दिसम्बर 2025 को कार्यकर्ता दल द्वारा गृह भ्रमण कर पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएगी।

---

छत्तीसगढ़ सरकार पर्यटन के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

# पत्रकारों की लेखनी केवल सूचना का माध्यम ही नहीं पर्यटन को प्रोत्साहन देने का एक सशक्त साधन भी....

- मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से राजस्थान के अंतर्राज्यीय अध्ययन भ्रमण से लौटे पत्रकारों के दल ने की सौजन्य मुलाकात

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से राजस्थान के अंतर्राज्यीय अध्ययन भ्रमण से लौटने के उपरांत छत्तीसगढ़ के पत्रकारों के दल ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर पत्रकारों ने 15 से 20 दिसम्बर तक राजस्थान भ्रमण के दौरान वहां की विधायिका, प्रशासनिक



कार्यप्रणाली तथा पर्यटन के क्षेत्र में किए गए नवाचारों के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पत्रकारों के लिए अंतर्राज्यीय अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, ताकि अन्य राज्यों के शासन-प्रशासन, पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास से जुड़े नवाचारी प्रयासों को पत्रकारों के दृष्टिकोण से समझा जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे अध्ययन भ्रमणों से प्राप्त अनुभवों के आधार पर छत्तीसगढ़ में भी नई और प्रभावी पहल शुरू की जा सकती हैं। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे इस यात्रा के अनुभवों को यात्रा-वृत्तांत के रूप में लिपिबद्ध करें, जिससे यह आम पर्यटकों के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शिका का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की लेखनी केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यटन को प्रोत्साहन देने का एक सशक्त साधन भी है। प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पर्यटन के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य की दृष्टि से बस्तर धरती पर स्वर्ग के समान है, किंतु नक्सलवाद लंबे समय तक इसके विकास में एक बड़ी बाधा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के संकल्प के अनुरूप मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में राज्य सरकार पूरी दृढ़ता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पर्यटन को राज्य की नई उद्योग नीति में शामिल किया गया है।

## संपादकीय

## 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना', काम करने के दिनों में होगी बढ़ोतरी

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा गांवों के अकुशल लोगों के लिए काम पाने और अपनी आजीविका चलाने का एक बहुत बड़ा सहारा है। अगर किसी ग्रामीण को और कहीं काम न मिले तो वह मनरेगा के तहत रोजगार पा सकता है। इस कानून के तहत सौ दिन के कार्य की गारंटी दी गई है। केंद्र सरकार ने अब इन कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाकर एक सौ पच्चीस करने का फैसला किया है और इससे संबंधित विधेयक को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है।इसे अब मनरेगा नहीं बल्कि 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' के नाम से जाना जाएगा। यानी अब इसके नए स्वरूप में काम की गारंटी होगी या नहीं, इसको लेकर अभी आधिकारिक रूप से स्थिति स्पष्ट नहीं है। मगर कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाने का निर्णय देश की ग्रामीण आबादी के लिए रोजगार के लिहाज से एक महत्त्वपूर्ण कदम है, क्योंकि ग्रामीण इलाकों में आज भी रोजगार का अभाव है और अगर सौ दिन काम मिल भी जाए, तो उसके पारिश्रमिक से घर-परिवार चलाना व्यावहारिक रूप से बहुत मुश्किल है। यह दूसरी बार है, जब इस कानून या योजना का नाम बदला गया है। इसे वर्ष 2005 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा) के नाम से लागू किया गया था। इसके बाद वर्ष 2009 में इसका नाम बदलकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कर दिया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना है। इसके तहत प्रत्येक परिवार के अकुशल सदस्यों को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम सौ दिनों का गारंटीकृत रोजगार प्रदान करने का प्रावधान है।अब उसके कार्य दिवस में बढ़ोतरी की पहल स्वागतयोग्य है, लेकिन यह सही मायने में तभी सफल मानी जाएगी, जब इसे जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से अमल में लाया जाए। इसमें दोराय नहीं कि कोविड महामारी के दौरान जब कई उद्योग-धंधे बंद हो गए और हजारों लोग बेरोजगार हुए, तो इसी योजना ने ग्रामीण परिवारों को आर्थिक सहारा दिया था। देश भर में करोड़ों परिवारों की आजीविका का एक हिस्सा इस योजना पर टिका हुआ है। ग्रामीण इलाकों में इस रोजगार योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर पहले से चुनौतियां कम नहीं हैं। शुरुआत से ही इसे लेकर कई तरह की अनियमितताओं के मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें गारंटी के मुताबिक सौ दिन का रोजगार न मिलना, कागजों में फर्जी तरीके से रोजगार देना और वित्तीय गड़बड़ियां प्रमुख हैं। अब काम के दिनों में बढ़ोतरी तभी सार्थक होगी, जब पुरानी गड़बड़ियां और अनियमितताओं को दूर किया जाए।

# भाजपा ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर एक तीर से कई निशाने साधे


**देखा जाए तो भाजपा आलाकमान का यह कदम बिहार में भाजपा की मजबूती को राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ता है, जहां नितिन नबीन कायस्थ समाज से आते हैं जो पार्टी का पारंपरिक वोट बैंक है। वहीं, बिहार सरकार में मंत्री रहते हुए उन्हें दिल्ली में आधिकारिक आवास और केंद्रीय मंत्री जैसी सुविधाएं मिलेंगी। समकालीन भाजपा के कुशल सियासी शिल्पी समझे जाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी का चाणक्य करार दिए जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की युगल प्रभावशाली जोड़ी ने 14 दिसंबर को यकायक पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में तीसरी पीढ़ी के कद्दावर और सूझबूझ वाले युवा नेता नितिन नबीन के नाम की घोषणा करवाकर न केवल सबको चौंकाया है, बल्कि एक तीर से कई सियासी निशाने भी साधे हैं। इसके सियासी मायने भी दूरगामी और दिलचस्प साबित होंगे।**

(कमलेश पांडे)

मोदी-शाह के सियासी तरकश से निकले इस प्रभावी तीर ने आरएसएस-भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को भी आश्चर्य चकित कर दिया है।बताते चलें कि भारतीय जनता पार्टी ने बिहार में सत्तारूढ़ राजग के नीतीश सरकार में भाजपा कोटे के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को गत दिनोंतत्काल प्रभाव से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है, जिससे खुद पार्टी के कार्यकर्ता भी पशोपेश में पड़कर चौंक गए हैं और इस अप्रत्याशित निर्णय को सराहा, क्योंकि यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल की समाप्ति और उनको मिले बार-बार कार्य विस्तार की अवधि के दौरान आई है, जो नए पूर्णकालिक अध्यक्ष के चुनाव तक संगठन की कमान संभालेंगे। हालांकि, इस बात की सुगबुगाहट लंबे अरसे से जारी थी और बड़े-बड़े नाम इस होड़ में शामिल थे। इसलिए नितिन नबीन की नियुक्ति से मोदी-शाह का सियासी पलड़ा पुनः भारी प्रतीत हुआ है। जहां तक इस नियुक्ति के कारण की बात है तो पार्टी ने नितिन नबीन के संगठनात्मक अनुभव, जमीनी पकड़, प्रशासनिक क्षमता और सिक्किम/छत्तीसगढ़ में प्रभारी/सह-प्रभारी के रूप में उनकी उल्लेखनीय सफलता को आधार बनाया है। बताया जाता है कि पांच बार विधायक और तीन बार मंत्री रह चुके नितिन नबीन बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र, पटना पश्चिम इलाके से हैं तथा बूथ स्तर प्रबंधन में माहिर माने जाते हैं। यही वजह है कि उनकी इस नई नियुक्ति का बिहार सहित पूर्वी भारत की सियासत पर भी इसका एक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

देखा जाए तो भाजपा आलाकमान का यह कदम बिहार में भाजपा की मजबूती को राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ता है, जहां नितिन नबीन कायस्थ समाज से आते हैं जो पार्टी का पारंपरिक वोट बैंक है। वहीं, बिहार सरकार में मंत्री रहते हुए उन्हें दिल्ली में आधिकारिक आवास और केंद्रीय मंत्री जैसी सुविधाएं मिलेंगी। दरअसल पार्टी उनके मनोनयन की राष्ट्रीय रणनीति से सुपरिचित है जोकि जेनरेशन नेक्स्ट को बढ़ावा देती है तथा बंगाल चुनाव जैसी चुनौतियों के लिए समय रहते ही तैयार करती है। यह पीएम मोदी और एचएम अमित शाह की प्रभावशाली सियासी दिशा में एक नई निरंतरता का संकेत है, जिसमें युवा नेतृत्व से नई ऊर्जा की उम्मीद है।

पार्टी मामलों के जानकार बताते हैं कि नितिन नबीन की नई नियुक्ति बिहार की राजनीति में पार्टी के संगठनात्मक विस्तार और कायस्थ वोट बैंक को मजबूत करने का संकेत देती है। यह कदम बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रतिनिधित्व दिलाता है, जहां नबीन की जमीनी पकड़ और बांकीपुर सीट पर लगातार जीत भाजपा के लिए मॉडल बनी हुई है। जहां तक भाजपा की मजबूती की बात है तो इस नियुक्ति से बिहार में भाजपा का कैडर प्रबंधन और चुनावी रणनीति तेज होगी, खासकर नीतीश कुमार सरकार में मंत्री रहते हुए। यही नहीं, भारत का सर्वाधिक प्रबुद्ध और प्रशासनिक प्रभाव रखने वाला कायस्थ समुदाय, जो







भाजपा का कोर वोटर है, इससे प्रेरित होगा तथा पार्टी का शहरी आधार पटना जैसे इलाकों में और सशक्त बनेगा।

जहां तक एनडीए पर प्रभाव की बात है तो नीतीश कुमार के साथ गठबंधन में भाजपा की स्थिति मजबूत होगी, क्योंकि नबीन का राष्ट्रीय पद बिहार में केंद्रीय नेतृत्व की निगरानी बढ़ाएगा। साथ ही युवा नेतृत्व का उदाहरण स्थापित कर अन्य दलों को चुनौती मिलेगी, विशेषकर आगामी विधानसभा चुनावों में। वहीं, संभावित चुनौतियां यह हैं कि मंत्री पद के साथ राष्ट्रीय जिम्मेदारी से बिहार फोकस कम न हो, यह चिंता बनी रहेगी, हालांकि उनका छत्तीसगढ़ प्रभारी वाला अनुभव आश्वासन देता है। विपक्षी दल इसे भाजपा की बिहार-केंद्रित रणनीति के रूप में देखकर जवाबी हमला बोल सकते हैं। नितिन नबीन भाजपा की नई रणनीति में युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने, संगठनात्मक मजबूती और पूर्वी भारत में विस्तार के प्रमुख स्तंभ बनेंगे। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में वे बूथ स्तर प्रबंधन, चुनावी तालमेल और राज्य इकाइयों के बीच समन्वय संभालेंगे। इससे पार्टी में युवा जुड़ाव बढ़ेगा। नबीन की नियुक्ति से भाजपा 2029 लोकसभा चुनावों के लिए नेक्स्ट जेन लीडरशिप तैयार करेगी, जहां युवाओं से कनेक्ट करना प्राथमिकता होगी। वहीं,, छत्तीसगढ़ प्रभारी के अनुभव से बूथ मजबूती का मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर लागू होगा। जहां तक चुनावी रणनीति की बात है तो 2026 में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव, तमिलनाडु विधानसभा चुनाव और असम विधानसभा चुनावों में नितिन नबीन संगठन विस्तार व तालमेल प्रबंधन करेंगे, और बिहार में मिली हालिया सफलता को दोहराने का लक्ष्य रखेंगे। इससे पूर्वी भारत पर फोकस से पार्टी का क्षेत्रीय आधार सशक्त बनेगा। जहां तक संगठनात्मक भूमिका की बात है तो जेपी नड्डा के बाद वे केंद्रीय नेतृत्व व राज्य नेताओं के बीच पुल का काम करेंगे, और पीएम मोदी की दृष्टि को जमीन पर उतारेंगे। वहीं कायस्थ (पश्चिम बंगाल में राढ़ी कायस्थ) जैसे कोर वोट बैंक को साधते हुए सामाजिक समीकरण मजबूत होंगे। नितिन नबीन की प्रमुख प्राथमिकताएँ भाजपा के संगठन को मजबूत करना, बूथ स्तर पर कार्यकर्ता सक्रियता बढ़ाना और युवा नेतृत्व को बढ़ावा देना रहेंगी। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में वे पार्टी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने पर जोर देंगे, जिसमें राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण शामिल हैं। वहीं संगठनात्मक मजबूती के लिए वे बूथ प्रबंधन मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करेंगे, जैसा छत्तीसगढ़ में सफल रहा, तथा राज्य इकाइयों में समन्वय सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कायस्थ जैसे कोर वोट बैंक को साधते हुए शहरी और प्रबुद्ध मतदाताओं से जुड़ाव बढ़ाना लक्ष्य होगा। जहां तक चुनावी लक्ष्य की बात है तो 2026 के पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में संगठन विस्तार और तालमेल प्रबंधन उनकी प्राथमिकता रहेगा। इस निमित्त वे 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा के लिए युवा कनेक्ट पर फोकस करेंगे। इससे पूर्वी भारत में भाजपा का आधार सशक्त बनाने से पार्टी की रणनीति को एक नई दिशा मिलेगी। उनकी नेतृत्व शैली संतुलित समझी जाती है। भाजपा को आज इसी शैली की दरकार है। लिहाजा नितिन नबीन नई जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाने का संकल्प ले चुके हैं, जिसमें सशक्त नेतृत्व और कार्यकर्ताओं से गहरा जुड़ाव प्रमुख होगा। उनका शांत स्वभाव और जमीन पर काम की छवि इन लक्ष्यों को साकार करने में सहायक बनेगी। यहाँ भाजपा द्वारा नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने का कारण सरल और स्पष्ट है, वह यह कि उनकी नियुक्ति पार्टी की नयी रणनीति, संगठनात्मक मजबूती और नेतृत्व में बदलाव के इर्द-गिर्द केंद्रित है। सवाल है कि आखिर नितिन नबीन को ही यह अहम पद क्यों मिला? तो जवाब होगा कि भाजपा को युवा और सक्रिय नेतृत्व देने के लिए पार्टी ने यह फैसला लिया। दरअसल भाजपा नेतृत्व चाहता है कि पार्टी में युवा, गतिशील और मेहनती नेतृत्व को मौका मिले। अभी नितिन नबीन महज 45 वर्ष के हैं और उन्हें एक युवा, ऊर्जावान तथा कर्मठ नेता के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि उनका संगठनात्मक अनुभव एवं जमीनी पकड़ मजबूत है क्योंकि वे एक अनुभवी संगठनकर्ता हैं, इतनी कम उम्र में पाँच बार विधायक, मंत्री और संगठन से जुड़े रहे हैं। इस अनुभव के कारण उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय संगठन में नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, पार्टी में नई ऊर्जा और संतुलन लाने के लिए भी नेतृत्व का यह बदलाव किया गया है। इससे पार्टी में नई ऊर्जा, संतुलन और रणनीतिक सोच को बढ़ावा मिलेगा। खासकर जब अगले चुनावों से पहले संगठन को मजबूत बनाना है तो नितिन नबीन को लाकर पार्टी ने अपने मकसद को स्पष्ट कर दिया है। निःसन्देह नितिन नबीन को मिली इस नई जिम्मेदारी से बिहार और पूर्वी भारत पर भाजपा की पैठ मजबूत होगी।ऐसा करना उनकी प्राथमिकता होगी। उनकी नियुक्ति इस बात का संकेत भी है कि भाजपा पूर्वी भारत (विशेषकर बिहार-पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, झारखंड व सात बहन पूर्वोत्तर राज्यों) में अपनी पैठ और नेतृत्व को सशक्त करना चाहती है। इसलिए आगामी नेतृत्व परिवर्तन की तैयारी को उसने तेज कर दिया है। पार्टी का यह अप्रत्याशित फैसला एक व्यवस्थापित व महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है- जैसे कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव तक संगठन का संचालन सुचारु रखना। इससे यह भी संकेत मिलता है कि भविष्य के नेतृत्व के लिए पार्टी तैयारी कर रही है। यही वजह है कि पार्टी के बड़े नेताओं ने भी सधी हुई प्रतिक्रियाएँ दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने नितिन नबीन को बधाई दी है और उन्होंने उन्हें कर्मठ, अनुभवी और प्रभावशाली नेता बताया है। क्योंकि उनकी इस नियुक्ति का मुख्य कारण उनके कार्य, संगठन क्षमता और ऊर्जा को माना गया। सरल शब्दों में कहें तो भाजपा ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष इसलिए बनाया क्योंकि वे युवा, अनुभवी, संगठनात्मक रूप से मजबूत और पार्टी को नई दिशा देने वाले नेता माने जाते हैं और यह नियुक्ति भाजपा की भविष्य की राजनीतिक और संगठनात्मक रणनीति का हिस्सा है। इसके साथ ही वह प्रमुख संगठनात्मक पद पर भाजपा युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय महामंत्री और बिहार प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। वहीं सिक्किम प्रभारी तथा छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी के रूप में पार्टी की चुनावी सफलताओं में योगदान दिया। जहां तक सरकारी जिम्मेदारियों की बात है तो 2021-2022 में पथ निर्माण मंत्री, 2024-2025 में नगर विकास एवं आवास तथा कानून-न्याय मंत्री रहे। वर्तमान में बिहार सरकार में पथ निर्माण मंत्री तथा 14 दिसंबर 2025 से भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं। उनकी प्रमुख उपलब्धियों में बांकीपुर सहित बिहार में सड़क निर्माण ढांचा को दुरुस्त किया जाना, शहरी विकास और बुनियादी सुविधाओं पर फोकस के अलावा कानून-न्याय विभागों में मंत्री रहकर बुनियादी ढांचे का विकास किया जाना शामिल है। उनका कायस्थ समाज से जुड़ाव है और बूथ स्तर प्रबंधन में माहिर समझे जाते हैं। अब वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह लेते हुए संगठन की मजबूती और चुनावी रणनीति संभालेंगे, क्योंकि उनकी जमीनी पकड़ और अनुशासित छवि को केंद्रीय नेतृत्व ने भी सराहा है। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक है)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## यादों में शिवराज पाटिल-एक विद्वान राजनेता की सादगीपूर्ण यात्रा

(जयसिंह रावत)

शिवराज पाटिल चाकुरकर, जिन्हें भारतीय राजनीति में एक सौम्य, विद्वान और नैतिक मूल्यों के प्रतीक के रूप में जाना जाता है, आज भारतीय राजनीतिक परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण अध्याय समाप्त हो गया। 12 दिसंबर 2025 को महाराष्ट्र के लातूर जिले में उनके निधन की खबर ने पूरे देश को शोकाकुल कर दिया। 90 वर्ष की आयु में वे इस दुनिया से विदा हो गए, लेकिन उनके पांच दशक लंबे सार्वजनिक जीवन की विरासत सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। एक ऐसे नेता, जिन्होंने लोकसभा स्पीकर से लेकर केंद्रीय गृह मंत्री तक विभिन्न पदों पर अपनी विद्वता और निष्पक्षता का परिचय दिया, शिवराज पाटिल का जीवन सादगी, सेवा और सुधारों की मिसाल है। शिवराज विष्णु पाटिल का जन्म 12 अक्टूबर 1935 को महाराष्ट्र के लातूर जिले के चाकुर गांव में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। तत्कालीन हैदराबाद रियासत के इस छोटे से गांव में पले-बढ़े शिवराज ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय स्तर पर पूरी की। विज्ञान में स्नातक करने के बाद उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से विधि की डिग्री प्राप्त की। कानून की पढ़ाई के बाद वे कुछ समय के लिए कॉलेज में लेक्चरर बने, लेकिन जल्द ही लातूर लौट आए और वकालत शुरू की। इस दौरान उन्होंने सामाजिक मुद्दों पर गहन अध्ययन किया, जो आगे चलकर उनकी राजनीतिक दृष्टि का आधार बने। शिवराज पाटिल की शादी 1963 में विजया पाटिल से हुई। उनके दो बच्चे थे, पुत्र शैलेश पाटिल, जो कांग्रेस के राज्य सचिव रह चुके हैं, और पुत्री सपना बी. पाटिल, जो एक वकील थीं लेकिन 2002 में आत्महत्या कर लीं। परिवार में पत्नी, पुत्र, पुत्रवधू (जो बीजेपी नेता हैं) और दो पोतियां हैं। शिवराज पाटिल को साहित्य और लेखन का भी शौक था। उन्होंने 'रिमिनिसेंस एंड रिफ्लेक्शंस', 'विजन ऑफ इंडिया', 'एक्स्टेसी एंड एगोनी ऑफ ए प्रेसिडिंग ऑफिसर', 'फ्रेग्रेंस ऑफ इनर सेल्फ' और 'डायलॉग्स' जैसी पुस्तकें लिखीं, जो उनकी गहन चिंतनशीलता को दर्शाती हैं। शिवराज पाटिल का राजनीतिक सफर 1967 में लातूर म्यूनिसिपल काउंसिल के अध्यक्ष बनने से शुरू हुआ। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़ते ही उन्होंने स्थानीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी। 1972 में वे महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य चुने गए और दो कार्यकाल (1972-1979) तक विधायक रहे। इस दौरान वे विधि एवं न्याय, सिंचाई और प्रोटोकॉल विभागों में उपमंत्री बने। इसके अलावा, पब्लिक अंडरटेकिंग्स कमिटी के चेयरमैन, महाराष्ट्र विधानसभा के डिप्टी स्पीकर (1978) और स्पीकर (1979) जैसे महत्वपूर्ण पद संभाले। उनका राष्ट्रीय स्तर पर उनका प्रवेश 1980 में तब हुआ, जब वे लातूर लोकसभा सीट से सात बार लगातार चुने गए (1980 से 2004 तक)। 1991 से 1996 तक वे लोकसभा के 10वें स्पीकर रहे। इस पद पर उन्होंने संसदीय कार्यप्रणाली में क्रांतिकारी सुधार किए–संसद की कार्यवाही का लाइव टेलीकास्ट, कंप्यूटरीकरण और नई संसदीय लाइब्रेरी की स्थापना जैसे कदमों से लोकसभा को आधुनिक रूप दिया। विवादास्पद मुद्दों जैसे राजनीति में अपराधीकरण और बैंक घोटालों पर बहसों के दौरान भी उन्होंने सदन को शांतिपूर्वक संचालित किया, जिसके लिए उन्हें 'शांतिदूत' कहा गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल में उनकी भूमिका भी उल्लेखनीय रही। 1980-1984 के बीच रक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कार्मिक, खेल एवं युवा कल्याण जैसे विभाग संभाले। 1995-1996 में रेल मंत्री बने। 2004 में यूपीए सरकार में वे गृह मंत्री नियुक्त हुए, जो उनका सबसे चर्चित पद था। हालांकि, 2008 के मुंबई हमलों के बाद सुरक्षा चूक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने इस्तीफा दे दिया। इस घटना ने उन्हें 'भारत का नीरो' जैसे कटु उपनाम भी दिए, लेकिन उनकी सादगी और नैतिकता की प्रशंसा भी हुई। 2010 से 2015 तक वे पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक रहे। शिवराज पाटिल का जीवन भारतीय राजनीति में नैतिक मूल्यों की जीती-जागती मिसाल था। वे कभी विवादों से दूर रहे, हमेशा सादगीपूर्ण जीवन जिया। महाराष्ट्र उप-मुख्यमंत्री अजित पवार ने उन्हें 'संस्कृतिपूर्ण और विद्वान व्यक्तित्व' कहा, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके 'सार्वजनिक कल्याण के प्रति समर्पण' की सराहना की। वास्तव में उनकी विरासत संसदीय सुधारों, ग्रामीण विकास और राष्ट्रीय एकता में योगदान के रूप में बनी रहेगी। लातूर जैसे छोटे शहर से निकलकर दिल्ली की ऊंचाइयों तक पहुंचने वाली यह यात्रा युवा नेताओं के लिए प्रेरणा है। शिवराज पाटिल चाकुरकर का निधन भारतीय लोकतंत्र के एक सुनहरे युग का अंत है, लेकिन उनकी शिक्षाएं सदैव जीवित रहेंगी। यह लेखक के निजी विचार हैं।

# भाजपा में युवा नेतृत्व की नई आहट पर भरोसा

(ललित गर्ग)

नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। भारतीय राजनीति में लंबे समय से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी, वह अब एक निर्णायक मोड़ पर आ खड़ी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व की बागडोर युवा हाथों में सौंपने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नितिन नबीन को पार्टी का नया कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यद्यपि यह नियुक्ति औपचारिक रूप से अस्थायी कही जा रही है, किंतु जिस प्रकार से इस निर्णय का पार्टी के भीतर और बाहर स्वागत हो रहा है, उससे यह संकेत स्पष्ट हैं कि भविष्य में उन्हें ही पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है। यह नियुक्ति केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की कार्यशैली, नेतृत्व-चयन और भविष्य-दृष्टि में आए एक बड़े परिवर्तन का उद्घोष है। भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड का यह निर्णय न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक लिए गए साहसिक, अप्रत्याशित और दूरगामी परिणाम देने वाले निर्णयों की श्रृंखला का एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय भी है। नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके साथ ही संगठन के विभिन्न स्तरों पर उन्होंने जिस अनुशासन, रणनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है, वही उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक विकल्प बनाता है। उनका राजनीतिक व्यक्तित्व



केवल भाषणों तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन खड़ा करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और वैचारिक प्रतिबद्धता बनाए रखने की क्षमता से परिपूर्ण है। यही गुण भाजपा की आत्मा भी है-जहां व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक स्थायी गुण रहा है-नए चेहरों पर भरोसा और पीढ़ीगत नेतृत्व का निर्माण। चाहे वह केंद्र सरकार में मंत्रियों का चयन हो, राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति हो या संगठन में बदलाव-मोदी ने बार-बार यह साबित किया है कि वे भविष्य की राजनीति को आज गढ़ने में विश्वास रखते हैं। नितिन नबीन का चयन भी इसी विचारधारा का प्रतिफल है। यह निर्णय संकेत देता है कि भाजपा अब केवल चुनाव जीतने की पार्टी नहीं रहना चाहती, बल्कि अगले दो-तीन दशकों के लिए एक स्थायी वैचारिक और संगठनात्मक नेतृत्व तैयार कर रही है। युवा पीढ़ी, विशेषकर पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को आकर्षित करने की दृष्टि से यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक संतुलन का केंद्र भी होता है। इस पद पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहमति और समर्थन अनिवार्य माना जाता है। भाजपा की चुनावी सफलताओं में संघ की भूमिका सदैव निर्णायक रही है-चाहे वह विचार-प्रसार हो, कार्यकर्ता निर्माण हो या सामाजिक संपर्क। पिछले कुछ चुनावों में जिन परिस्थितियों का सामना पार्टी को करना पड़ा, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा संगठन और संघ के बीच पूर्ण सामंजस्य कितना आवश्यक है। ऐसे में नितिन नबीन का चयन यह संकेत देता है कि संघ और पार्टी नेतृत्व के बीच गहन विमर्श और सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया है। यह नियुक्ति भाजपा को वैचारिक रूप से और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। नितिन नबीन के सामने सबसे बड़ी और तात्कालिक चुनौती पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव हैं। यह राज्य लंबे समय से भाजपा के लिए रणनीतिक और वैचारिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। यहां केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। एक संगठनात्मक अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की वास्तविक कसौटी यहीं होगी। यदि वे बंगाल में संगठन को नई धार देने, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और जनता के बीच विश्वास स्थापित करने में सफल होते हैं, तो उनका नेतृत्व स्वतः ही प्रमाणित हो जाएगा। यही वह मंच है, जहां उनका रुतबा, कौशल और रणनीतिक दृष्टि राष्ट्रीय राजनीति के सामने स्पष्ट होगी। भाजपा की राजनीति में एक विशेष परंपरा रही है-जहां कयास कुछ और होते हैं और निर्णय बिल्कुल अलग दिशा से आता है। अनेक नाम चर्चा में रहते हैं, अनेक चेहरे मंजिल के निकट आकर भी ठहर जाते हैं, किंतु अंतिम निर्णय अक्सर सबको चौंकाने वाला होता है। यही भाजपा की 'चमत्कार करने वाली' संगठनात्मक शैली है। नितिन नबीन का मनोनयन भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यह निर्णय उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की क्षमता रखता है, जो लंबे समय से अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी के भीतर चल रही थीं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भाजपा में पद नहीं, क्षमता निर्णायक होती है। नितिन नबीन भारतीय राजनीति की उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने संगठनात्मक निष्ठा, वैचारिक स्पष्टता और सतत जनसंपर्क को अपनी राजनीतिक पहचान बनाया है। छात्र राजनीति से लेकर सक्रिय सार्वजनिक जीवन तक उनका सफ़र अनुशासन, कर्मठता, राष्ट्रीयता और संघर्ष की पाठशाला रहा है। वे जमीनी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने वाले, जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझने वाले और उन्हें प्रशासनिक व राजनीतिक मंचों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने वाले नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। नितिन नबीन की कार्यशैली में युवाओं के प्रति विश्वास, विकासोन्मुख सोच और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे पद को नहीं, दायित्व को प्राथमिकता देते हैं और संगठन के मूल्यों के अनुरूप निरंतर आगे बढ़ते रहे हैं। नितिन नबीन सिन्हा कायस्थ समुदाय के एक भारतीय राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वह दिग्गज भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। अभी उन्हें जेपी नड्डा की जगह पर भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है जो अध्यक्ष के चुनाव तक कार्यभार संभालेंगे। कार्यकर्ता के बीच विश्वास, प्रतिबद्धता और परस्पर सम्मान का संबंध दिखाई देता है, जो पार्टी को निरंतर सशक्त और गतिशील बनाए रखता है। नितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मनोनयन केवल एक व्यक्ति की नियुक्ति नहीं, बल्कि भाजपा के भविष्य की राजनीति का स्पष्ट संकेत है। यह युवा नेतृत्व, वैचारिक प्रतिबद्धता, संगठनात्मक अनुशासन और संघ-समन्वय का संगम है। यदि नितिन नबीन इस जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हैं-विशेषकर पश्चिम बंगाल जैसी कठिन राजनीतिक भूमि पर-तो वे न केवल भाजपा के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेंगे, बल्कि भारतीय राजनीति में युवा नेतृत्व की नई परिभाषा भी गढ़ेंगे। यही वह क्षण है, जहां राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि दृष्टि, धैर्य और दूरदर्शिता का प्रमाण बन जाती है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# विधायक उसेंडी ने जिला स्तरीय युवा उत्सव का किया शुभारंभ



**कोण्डागांव।** कनेरा रोड स्थित ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय युवा उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी उपस्थित रहीं। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उदघाटन किया और प्रतियोगिता में भाग ले रहे युवाओं का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि लता उसेंडी ने अपने संबोधन में कहा कि जिले के युवा ब्लॉक स्तर से आगे बढ़कर जिला स्तर तक पहुंचे हैं और आगे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की पूरी क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि यदि शरीर और मन को स्वस्थ रखना है तो खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से बेहतर कोई माध्यम नहीं है। खेल का मैदान युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है और मानसिक रूप से सशक्त करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि जिस क्षेत्र में उनकी रुचि हो, उसी को चुनकर मेहनत करें, आसमान भी खुला है और मैदान भी, बस अपने लिए जगह बनानी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार द्वारा युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए निरंतर मंच उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## तकनीक, सरकारी सहयोग और मेहनत से बदली खेती की तस्वीर

# सब्जी उत्पादन में आत्मनिर्भरता की मिसाल बने सतीश पाठक

**कोण्डागांव।** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक खेती को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शासन की मंशा है कि किसान परंपरागत खेती से आगे बढ़कर तकनीक आधारित, लाभकारी और टिकाऊ खेती को अपनाएं, जिससे उनकी आमदनी बढ़े और वे आत्मनिर्भर बन सकें। इसी सोच और नीतियों से केशकाल विकासखंड के ग्राम बहीगांव निवासी सतीश पाठक ने आधुनिक उद्यानिकी खेती अपनाकर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की, बल्कि अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा बन गए। 50 वर्षीय सतीश पाठक ने हाई स्कूल तक शिक्षा प्राप्त की है। सीमित शैक्षणिक संसाधनों के बावजूद



उन्होंने यह साबित कर दिया कि यदि सीखने की इच्छा और मेहनत का जज़्बा हो, तो खेती भी समृद्धि का सशक्त माध्यम बन सकती है। पाठक वर्तमान में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत लाभ लेकर आधुनिक तकनीकों के साथ खेती कर रहे हैं। उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में पाठक ने 2.275 हेक्टेयर रकबे में ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग तकनीक को अपनाकर टमाटर की खेती प्रारंभ की। इससे पहले वे पारंपरिक तरीके से खेती करते थे, जिसमें उन्हें लगभग 100 क्विंटल उत्पादन ही हो पाता था। लेकिन जब उन्होंने वैज्ञानिक पद्धति, उन्नत बीज, नियंत्रित सिंचाई और मल्चिंग का उपयोग शुरू किया, तो उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। आज उनके खेत से टमाटर का उत्पादन बढ़कर 180 क्विंटल तक पहुँच गया है। उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ लागत में कमी और गुणवत्ता में सुधार के कारण पाठक को खेती से प्रतिवर्ष लगभग 4 लाख 35 हजार तक का शुद्ध लाभ प्राप्त हो रहा है। यह शासन की उस नीति की सफलता को दर्शाती है, जिसके तहत किसानों को योजनाओं के माध्यम से तकनीकी सहायता, गुणवत्तापूर्ण बीज, जैविक खाद और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। सतीश पाठक बताते हैं कि करीब पाँच वर्ष पहले उन्होंने गांव में सब्जी की खेती होते देखी और यह समझा कि यदि इसे वैज्ञानिक तरीके से किया जाए।

तो यह लाभ का अच्छा साधन बन

# महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध घटित अपराध में कोण्डागांव पुलिस द्वारा की जा रही है त्वरित कार्यवाही

**कोण्डागांव।** 8 नवम्बर को प्रार्थिया द्वारा थाना विश्रामपुरी थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 06 नवम्बर को कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गया है, प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 137(2) का अपराध घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये इसकी सूचना तत्काल अधिकारियों को दिया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव पंकज चन्द्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरी. विनोद नेताम, के नेतृत्व में थाना विश्रामपुरी से टीम गठित की गई, विवेचना के दौरान पीड़िता का पता तलाश की जा रही थी कि 18 दिसंबर



को साईबर सेल कोण्डागांव से प्राप्त संदिग्ध मोबाईल नम्बर लोकेशन के आधार पर थाना बगरू जिला जयपुर राजस्थान जाकर बगरू स्थित डागर इन्डस्ट्रीज प्लास्टिक पाईप कम्पनी (उत्तर प्रदेश) राजस्थान आदित्य दुबे पिता स्व. राजेश दुबे उम्र 19 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम माधो नगर थाना बेवर जिला मैनपुरी के कब्जे से पीड़िता को बरामद किया गया। पीड़िता से पुछताछ करने पर अपने कथन में बतायी कि मोबाईल फोन के माध्यम से आरोपी आदित्य दुबे पिता पिता स्व. राजेश दुबे उम्र 19 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम माधो नगर थाना बेवर जिला मैनपुरी राजस्थान के द्वारा शादी का प्रलोभन देकर दिल्ली बुलाया।

एवं दिल्ली से अपने साथ बगरू

## आज जिले में 76,188 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**कोण्डागांव।** जिले में 21 दिसंबर को पल्स पोलियो कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 76,188 बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला कलेक्टर नूपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चर्तुवेदी के मार्गदर्शन में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रतीक चौधरी के नेतृत्व में पल्स पोलियो कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में कुल 779 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इन बूथों पर 1,559 स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए 83 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। वहीं, छूटे हुए बच्चों को कवर करने हेतु 6 ट्रांजिट टीम एवं 3 मोबाइल टीम का गठन किया गया है, जो बाजार, ईंट-भट्ठों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर घूम-घूमकर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि 21 दिसंबर को अभियान के प्रथम दिवस पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके पश्चात 22 एवं 23 दिसंबर को द्वितीय एवं तृतीय दिवस घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी।

# शिक्षा समित के सभापति जोशी ने डी ग्रेड शाला का किया निरीक्षण

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत चयनित डी ग्रेड शाला खाले पारा टांड़पाल का निरीक्षण रितेश दास जोशी जनपद पंचायत तोकापाल के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के सभापति के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जोशी के द्वारा बच्चों तथा शिक्षकों से गुणवत्ता जांच हेतु विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली गई धारा प्रवाह अंग्रेजी पाठ्य पुस्तक पठन, सुलेख लेखन हिंदी तथा अंग्रेजी, 10 तक पहाड़ा याद कराने पर बल देने पर बल दिया इसके साथ ही बच्चों को प्रतिदिन गृह कार्य देने एवं नियमित जांच करने का आग्रह शिक्षिका से किया साथ ही जो अनुपस्थित बच्चे हैं उनके पालक से संपर्क कर उन बच्चों को शाला तक लाने का प्रयास करने का भी आग्रह किया है। मुख्यमंत्री का निर्देश है कि सभी स्कूल ए ग्रेड में आए मैने यह स्कूल गोद लिया है और इसका आकलन किया है जो भी कमी दिख रही है उसका निराकरण हम सब मिलकर



करेंगे और मैं प्रति माह इस स्कूल के भ्रमण पर आऊंगा उन्होंने प्रधानाध्यापिका को अवगत कराया तथा शैक्षणिक गुणवत्ता में बेहतर प्रयास करने का भी अनुरोध शिक्षिका से किया गया है। संकुल समन्वयक वासुदेव पांडे को भी इस संस्था की लगातार मॉनिटरिंग करने का आग्रह किया गया है जो भी कमियां होगी मुझे अवगत कराएंगे मैं जन समुदाय शासन, प्रशासन, पंचायत के सहयोग से उन कमियों को दूर करने का भी प्रयास करूंगा। शिक्षा समिति के सभापति होने के नाते विकासखंड के सभी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता उत्तम हो और बच्चों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराते हुए क्वालिटी पूर्व शिक्षा देना हमारा लक्ष्य है। मध्यान भोजन की गुणवत्ता में मुझे कमी दिखी है इसकी पुनरावृति ना की जाए स्व सहायता समूह और रसोइया तथा प्रधान अध्यापक समन्वय बनाते हुए भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देवे इस निरीक्षण के दौरान जनपद सदस्य डिकेश तथा खंड स्त्रोत समन्वयक अजय शर्मा उपस्थित रहे। खंड स्त्रोत समन्वयक शर्मा को शिक्षा समिति के सभापति जोशी ने निर्देश दिया है कि विकासखंड के सभी स्कूलों की सतत मॉनिटरिंग करें तथा एजुकेशन क्वालिटी और मध्यान भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य शालेय गतिविधियों को का निरीक्षण प्रतिदिन करें।

# मनीषा सेमला के मौत के लिए जिम्मेदार अधिक्षिका पर हो कठोर कार्यवाही

**बीजापुर।** विकासखंड उसूर के अंतर्गत संचालित पोर्टाकेबिन आवापल्ली मे अध्ययनरत कक्षा छठवीं की छात्रा मनीषा सेमला की मौत से सम्बंधित जाँच हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित जाँच दल के संयोजक कमलेश कारम के नेतृत्व मे घटना स्थल पहुँच कर सर्वप्रथम पोर्टाकेबिन मे अध्ययनरत मनीषा सेमला के सहपाठी छात्राओं तथा संस्था के शिक्षकों से उक्त घटना के सम्बन्ध मे विस्तृत चर्चा कर जानकारी ली गयी। इसके पश्चात जाँच दल ने मृतक छात्रा मनीषा सेमला के गृह ग्राम गुंडम पहुँच कर सम्बंधित के परिजनों से भी चर्चा कर घटना के सम्बन्ध मे जानकारी ली, जिस पर मनीषा के परिजनों ने जाँच दल को अवगत कराया कि मनीषा सेमला की मौत अधिक्षिका कमला ककेम की घोर लापरवाही की वज़ह से हुई है। अधिक्षिका कमला ककेम समय रहते यदि मनीषा का इलाज करवाती तो शायद हमारी बेटी भी हम सब के बीच



जीवित होती। मनीषा के परिजनों तथा पोर्टाकेबिन आवापल्ली मे पढ़ने वाले अन्य छात्राओं से की गयी चर्चा उपरांत जाँच दल इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि मनीषा सेमला की मौत सिर्फ अधिक्षिका कमला ककेम की लापरवाही की वज़ह से हुई है। मृतक छात्रा मनीषा सेमला के परिजनों ने जाँच दल के माध्यम से ज़िला प्रशासन से मांग की है कि मनीषा सेमला की मौत के लिए ज़िम्मेदार अधिक्षिका कमला ककेम के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्यवाही करें ताकि भविष्य मे ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो सके। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित इस जाँच दल के संयोजक पूर्व ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम के साथ सोनू पोटाम, मनोज अवलम, सरस्वती वासम, अनिता तेलम, राजेश वासम, बोधि ताती, लक्ष्मलु पाबा, मुन्ना कुरसम, शंकर खटबीना, विनोद तालुकदार, गनपत वासम, सहित बड़ी संख्या मे कोंग्रेसी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# फरसगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत हितग्राहियों को राशि जारी

**कोण्डागांव।** नगर पंचायत फरसगांव जिला कोंडागांव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य लगातार प्रगति पर है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शी भुगतान प्रणाली के माध्यम से अब हितग्राहियों अनुदान राशि का भुगतान सफलतापूर्वक किया जा रहा है। यह राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी प्रणाली के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत बीएलसी (प्रथम चरण) तथा 2.0 के तहत निर्माणाधीन सभी आवासों में नियमानुसार निर्माण प्रगति होने पर, जैसे-जैसे नींव, लिंटल, छत एवं पूर्णता स्तर पर कार्य पूर्ण होगा, उसी अनुरूप शत-प्रतिशत अनुदान राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। कुछ हितग्राहियों के आधार सीडिंग




और बैंक खाता लिंकिंग से संबंधित तकनीकी समस्याएं सामने आई हैं, जिनके समाधान हेतु नगर निकाय द्वारा संबंधित विभागों एवं बैंकों के समन्वय से निरंतर कार्य किया जा रहा है, ताकि किसी भी पात्र हितग्राही को अनुदान प्राप्त करने में कोई बाधा न आए। नगर पंचायत फरसगांव द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि हितग्राही अनुदान राशि की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है तथा सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से योजना का लाभ प्रदान करना निकाय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर पंचायत फरसगांव प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से सभी के लिए आवास के संकल्प को साकार करने हेतु प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में और अधिक हितग्राहियों को पक्के आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगा।

# कुआकोंडा, पालनार एवं मड़कामीरास में पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

**किरंदुल।** विकासखंड कुआकोंडा में विकास खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन मे तीन जोन कुआकोंडा, पालनार एवं मड़कामीरास में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसका समापन शनिवार हुआ।उक्त प्रशिक्षण में कुआकोंडा जोन, पालनार जोन और मड़कामीरास जोन से विकासखंड के कुल 131 शिक्षक इस प्रशिक्षण मे शामिल हुए इसमें शिक्षकों को स्नस्ह का मतलब Foundational Literacy and Numeracy (बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता) है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका लक्ष्य 3 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों में पढ़ने, लिखने और गणित के बुनियादी कौशल (जैसे एक पाठ को समझना, लिखना और सरल गणना



करना) को मजबूत करना है, ताकि भविष्य की शिक्षा की नींव तैयार हो सके आज स्नस्ह प्रशिक्षण के द्वितीय चरण के अंतिम दिवस मे डाइट प्राचार्य शैलेश सिंह,संतोष मिश्रा, बीईओ प्रमोद भदौरिया एवं एबीईओ मनोज राठौर के द्वारा तीनो जोन कुआँकोंडा, पालनार एवं मड़कामीरास का निरिक्षण किया गया और सभी शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए अधिकारियो द्वारा सभी शिक्षकों को बताया गया की एफएलएन पढ़ने, लिखने, अंकगणित और संख्यात्मक समझ में मज़बूत आधारभूत कौशल विकसित करके संज्ञानात्मक विकास, आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान को बढ़ाता है।ये कौशल सामाजिक-भावनात्मक विकास को भी बढ़ावा देते हैं, संचार, सहानुभूति और आत्मविश्वास में सुधार करते हैं।

## कलेक्टर ने पुल सहित विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**दंतेवाड़ा।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा चितालंका स्थित क्षतिग्रस्त बाईपास पुल का स्थल निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि यह पुल विगत माह हुई अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त होकर ढह गया था, जिससे क्षेत्र में आवागमन बाधित हो गया है और स्थानीय नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ध्रुव ने सेतु निर्माण विभाग के अधिकारियों से पुल की वर्तमान स्थिति, क्षति के कारणों तथा प्रस्तावित नवीन पुल निर्माण योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चितालंका बाईपास मार्ग पर नवीन पुल निर्माण कार्य की डीपीआर यथाशीघ्र तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि इस वर्ष आई बाढ़ की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जलस्तर की समुचित गणना कर उसी के अनुरूप डीपीआर तैयार की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी क्षति की पुनरावृत्ति न हो।

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली बैठक



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में राजस्व के विभिन्न लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की राजस्व प्रकरणों का समाधान पूरी गंभीरता के साथ समय सीमा में करें। निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत 19 से 25 दिसंबर तक लगाए जाने वाले शिविर में राजस्व शिविरों के आयोजित कर राजस्व प्रकरणों के समाधान करने हेतु सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया। उन्होंने आरबीसी के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश दिए, जिससे संबंधितों को त्वरित राहत मिल सके। साथ ही नवीन राजस्व ग्रामों से संबंधित अभिलेख निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले के न्यायालयवार लंबित राजस्व प्रकरणों और कार्यवाही की जानकारी ली और सभी अधिकारियों को प्रकरण के निपटारे में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को अपने-अपने न्यायालय क्षेत्रों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए उनका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, सीमांकन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, अभिलेख शुद्धता, ई-नामांतरण पंजी, स्वामित्व योजना भू अर्जन, दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई।

# सांसद खेल महोत्सव 2025 का विधानसभा स्तरीय आयोजन प्रारंभ



**कोण्डागांव।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत कोंडागांव विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ बड़े कनेरा रोड स्थित खेलो इंडिया सेंटर में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच किया गया। इस आयोजन में कोंडागांव एवं माकड़ी विकासखंड से चयनित लगभग 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस खेल प्रतियोगिता में 0 से 18 वर्ष, 18 से 40 वर्ष तथा 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में आयोजित की जा रही हैं, जिनमें महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना है। उद्घाटन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जस केतु उसेंडी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, जनपद पंचायत कोंडागांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उत्तम महोबिया तथा वरिष्ठ खेल अधिकारी सुधा कुमार उपस्थित रहे।

# कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के नेतृत्व में कांकेर बना शाला त्यागी मुक्त ग्राम अभियान का मॉडल

**कांकेर।** आकांक्षी जिला उत्तर बस्तर कांकेर में जिला प्रशासन द्वारा संचालित अनुरोध कार्यक्रम शाला त्यागी मुक्त ग्राम अभियान ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई और प्रेरणादायी मिसाल कायम की है। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के स्पष्ट दिशा-निर्देशों एवं सतत निगरानी में यह अभियान 21 नवम्बर से 26 नवम्बर तक जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक संचालित किया गया। नक्सल प्रभावित, आदिवासी बाहुल्य एवं दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों तथा समुदाय की सहभागिता से यह अभियान एक जनआंदोलन का रूप ले सका। 21 नवम्बर से 24 नवम्बर के मध्य जिले के सभी विकासखंडों में घर-घर सर्वेक्षण कर शाला अप्रवेशी एवं शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन किया गया। इस सर्वे में 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों के साथ-साथ कक्षा 1 से 12 तक के ऐसे बच्चों की पहचान की गई, जो किसी कारणवश विद्यालय से बाहर थे। सर्वे कार्य प्रधानाध्यापकों, संकुल प्राचार्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों के आपसी समन्वय से संपन्न हुआ। बच्चों की जानकारी विद्यालयों की उपस्थिति पंजी से मिलान कर निर्धारित प्रपत्र में संकलित की गई। इस दौरान विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का पृथक चिन्हांकन भी किया गया। 26 नवम्बर को जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम सभा में चिन्हांकित बच्चों की सूची का सार्वजनिक वाचन किया गया तथा पालकों, पंचायत सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बच्चों को विद्यालय में पुनः नामांकित कराने हेतु काउंसलिंग की गई। मुख्यधारा में शिक्षा से जुड़ाव,अभियान के अंतर्गत शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों को समीपस्थ प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में समुचित कक्षा में प्रवेश दिलाया गया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को आश्रम शाला, केजीबीवी, 50 सीटर एवं 200 सीटर डारमेटरी तथा आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रदान किया गया। कक्षा 8 उत्तीर्ण लेकिन कक्षा 9 में प्रवेश न लेने वाले बच्चों को चिन्हांकित कर ओपन स्कूल प्रणाली के माध्यम से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोनी पुलिस ने खंजर लेकर घूम रहे बदमाश को किया गिरफ्तार

बिलासपुर। थाना कोनी पुलिस ने एक निगरानी बदमाश संजय ध्रुव (30 वर्ष) को गिरफ्तार किया, जो बिरकोना भट्ठी के पास खंजर लेकर घूम रहा था। आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस और गवाहों ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक नुकीला लोहे का खंजर बरामद हुआ। आरोपी ने इसे रखने के कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किए। खंजर को जप्त कर पुलिस ने कब्जे में लिया। कोनी पुलिस ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि निरंतर निगरानी और सतर्कता के कारण ही इस कार्यवाही में सफलता मिली। कोनी पुलिस की अपील: सभी नागरिकों से अनुरोध है कि अवैध गतिविधियों और अपराधियों की जानकारी तुरंत स्थानीय थाना या डायल 112 पर साझा करें।

### निगम के सभी 07 जोन में आयोजित किए गए गुड गवर्नेंस वीक शिविर

कोरबा। नगर पालिक निगम कोरबा के सभी 07 जोन कार्यालयों में गुड गवर्नेस वीक शिविरों का आयोजन किया गया, अपनी शिकायतें, समस्याएं व आवेदन लेकर शिविर में पहुंचे, नागरिकों के आवेदनों को पंजीबद्ध करते हुए त्वरित निराकृत होने वाली समस्याओं का मौके पर पहुंचकर निराकरण कराया गया, वहीं ऐसी समस्याएं व मांग जिन्हें निराकृत करने में समय लगेगा, उन आवेदनों को पंजीकृत करते हुए इनका क्रमबद्ध समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम कोरबा के कोरबा जोन, टी.पी.नगर जोन, कोसाबाड़ी जोन, रविशंकर नगर जोन, बालको जोन, दर्री जोन व सर्वमंगला जोन में प्रातः 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक गुड गवर्नेंस वीक शिविर आयोजित किए गए, इन शिविरों में जन्म-मृत्यु पंजीयन, व्यापार अनुज्ञप्ति, विवाह प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, जलकर एवं सम्पत्तिकर, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण आदि कार्यो के साथ-साथ नल लिकेज, नलों में पानी न आना, नालियों, गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों से पानी का बहाव, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी-फूटी नालियों का मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाईट के बल्ब, ट्यूब आदि का बंद रहना आदि से जुड़ी समस्याओं, शिकायतों व आवेदनों को लेकर पहुंचे आमनागरिकों के आवेदनों को पंजीकृत किया गया तथा उनकी ऐसी समस्याओं व शिकायतों जिनका त्वरित निराकरण संभव था, उनका मौके पर पहुंचकर निगम अमले ने निराकरण कराया तथा ऐसी मांग व समस्याएं जिनमें प्रक्रियागत समय लगना है, उन आवेदनों को पंजीकृत करते हुए उनके त्वरित निराकरण की क्रमबद्ध कार्यवाही भी निगम द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। आज आयोजित किए गए शिविरों में निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा व बी.पी.त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारियों ने शिविरों का निरीक्षण किया तथा शिविरों हेतु नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। आज रविवार को भी सभी 07 जोन में लगेंगे शिविर- निगम के उपायुक्त पवन वर्मा ने बताया कि रविवार को भी निगम के सभी 07 जोन में गुड गवर्नेस वीक शिविरों का आयोजन किया जाएगा तथा निगम से संबंधित समस्त कार्यो से जुड़ी समस्याओं, शिकायतों व मांग आदि के आवेदन आमनागरिकों से प्राप्त किए जाएंगे। उन्होने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही प्रातः 10 से दोपहर 03 बजे तक यह शिविर आयोजित होंगे।

### कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में धान खरीदी की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित

कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में संचालित धान खरीदी व्यवस्था की गहन समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त उपार्जन केंद्रों की प्रगति, व्यवस्थाओं, चुनौतियों एवं समाधान बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर दुदावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर शेष सभी पंजीकृत किसानों से धान खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लघु एवं छोटे किसानों से प्राथमिकता के आधार पर पहले धान खरीदी की जाए, जबकि मध्यम एवं बड़े किसानों से चरणबद्ध तरीके से खरीदी की जाए, जिससे किसी भी उपार्जन केंद्र पर अनावश्यक भीड़ या अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले में धान खरीदी का कार्य पूर्णतः सुचारू, पारदर्शी एवं किसान-हितैषी ढंग से संचालित होना चाहिए। यह शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी उपार्जन केंद्रों में साफ-सफाई, व्यवस्थित रख-रखाव एवं मूलभूत सुविधाओं जैसे पीने का स्वच्छ पानी, शौचालय, छायादार बैठने की व्यवस्था आदि की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान विक्रय के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने किया सांसद खेल महोत्सव का समापन

# फिट रहने हर कोई अपनाये एक खेल:केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू

- सांसद कला महोत्सव शुरू करने किया ऐलान
- विजेता खिलाड़ियों को केन्द्रीय मंत्री ने बांटे पुरस्कार
- महोत्सव में 12 हजार खिलाड़ियों ने की भागीदारी

बिलासपुर। केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने आज स्थानीय बहतराई खेल स्टेडियम में आयोजित समारोह में सांसद खेल महोत्सव का रंगारंग समापन किया। उन्होंने पहली बार आयोजित सांसद खेल महोत्सव की सफलता से उत्साहित होकर इसी तर्ज पर सांसद कला महोत्सव जल्द शुरू करने की घोषणा की। लगभग डेढ़ महीने तक चले इस महोत्सव में बिलासपुर एवं मुंगेली जिले की ग्राम पंचायत से जनपद एवं जिला स्तर पर 12 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। फाइनल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि की आसंदी से श्री तोखन साहू ने स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और नगद राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक बेलतरा श्री सुशांत शुक्ला ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता संतोष कश्यप, पूर्व विधायक डॉ. कृष्ण मूर्ति बांधी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी और खेल प्रेमी नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री तोखन साहू ने समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। यह तभी संभव होगा जब हर आदमी स्वस्थ एवं




फिट रहे। इसके लिए हर आदमी को अपनी रूचि के अनुरूप कोई न कोई खेल में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव में स्थानीय स्तर पर प्रचलित खेलों को शामिल किया गया ताकि अधिकाधिक लोग इसमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखार सकें। कबड्डी,खो-खो, रस्साकसी, नीबू दौड़, बोरा दौड़ जैसे एक दर्जन खेल प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया। इन खेलों को हमें भूलना नहीं है। हम अपने जीवन में मोबाईल का उपयोग कम करने इन खेलों की ओर ध्यान लगाना है ताकि शारीरिक रूप से हम मजबूत रह सकें। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। यहां तक कि भगवान श्रीकृष्ण भी खेल कला में माहिर थे। खेल से हमारो तन एवं मन स्वस्थ रहने के साथ जीवन में अनुशासन की पाठ भी सिखाता है। इससे आपसी सहयोग, संयम एवं योजना बनाने के गुण इससे विकसित होते हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि गीता के कर्मयोग का परीक्षण शाला हैं हमारे खेल मैदान। इसमें हार और जीत मायने नहीं रखता है। कोई हारता है तभी तो कोई जीत पाता है। हारने वालों को निराश होने की जरूरत नहीं हैं, बल्कि इससे मिले सबक का इस्तेमाल कर आगे जीत सकते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा भविष्य में सांसद खेल महोत्सव का दायरा और बढ़ाकर व्यापक रूप में आयोजित किया जायेगा। श्री साहू ने बताया कि आगामी 25 दिसम्बर को माननीय प्रधानमंत्री जी सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को वचुअल सम्बोधित करेंगे। प्रधानमंत्री जी का सम्बोधन सुनने खिलाड़ियों का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप सांसद खेल महोत्सव आयोजित किये गए।

# बिलासपुर में तीन दिवसीय राज्य युवा महोत्सव का आगाज आज

- मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय करेंगे उद्घाटन खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स का भी होगा शुभारंग

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में कल 23 दिसम्बर को शाम 6.30 बजे से बहतराई इंडोर स्टेडियम में राज्य युवा महोत्सव का भव्य उद्घाटन समारोह होगा। इस दौरान श्री साय खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स का भी शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री श्री तोखन साहू, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा शामिल होंगे। राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में 23 दिसम्बर को शाम 5 बजे से 6 बजे तक आरूग बैंड की प्रस्तुति, उद्घ्याटन समारोह शाम 6.30 बजे से 6.45 बजे तक, मलखंब की प्रस्तुति शाम 6.45 बजे से 7 बजे तक होगी। इसके ठीक बाद खेलो इंडिया की लॉन्चिंग सेरेमनी रात्रि 7 बजे से 8 बजे तक होगी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री श्री साय रात्रि 8.30 बजे पुलिस ग्राउंड में कवि सम्मेलन में शामिल होंगे, जहां सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास एवं टीम की प्रस्तुति देंगे। 24 दिसम्बर को शाम 5 बजे से 7.30 बजे तक स्वपनिल बैंड की प्रस्तुति एवं रात 8 से 10 बजे तक काफिला बैंड का कार्यक्रम होगा। 25 दिसम्बर को शाम 5 बजे से 7 बजे तक आरू साहू की प्रस्तुति, पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह शाम 7 बजे से 8 बजे तक होगा। इसके पश्चात रात 8 से 10 बजे तक दायरा बैंड की प्रस्तुति होगी। तीन दिवसीय चलने वाले राज्य युवा महोत्सव में कलाकार एवं प्रतिभागियों द्वारा लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, नवाचार, एकांकी, पारंपरिक वेशभूषा एवं रॉकबैंड जैसी विभिन्न विधाओं की प्रस्तुति देखने को मिलेगी। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्रीगण श्री रामविचार नेताम, श्री दयालदास बघेल, श्री केदार कश्यप, श्री लखनलाल देवांगन, श्री श्याम बिहारी जायसवाल, श्री ओपी चौधरी, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, श्री टंकराम वर्मा, श्री गजेन्द्र यादव, श्री राजेश अग्रवाल, श्री गुरू खुशवंत साहेब, विधायक सर्वश्री।

# दो संस्थानों से एक लाख से ज्यादा का अवैध धान जब्त



बिलासपुर। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले में अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर के क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दगौरी में संयुक्त जांच दल द्वारा शत्रुघ्न कौशिक के संस्थान से 28 क्विंटल (70 कट्टी) एवं ग्राम पौंसरा में सुखसागर सूर्यवंशी के संस्थान से 26 क्विंटल (65 बोरी) धान जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया। जिसकी कुल कीमत लगभग 1 लाख 67 हजार है। जिले में अब तक 49 प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुए 1541.80 क्विंटल अवैध धान की जब्ती की गई है।

# प्रधानमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत मिलेगा ऋण,आवेदन 31 दिसम्बर तक होगा.....

**बिलासपुर।** अनुसूचित जाति वर्ग के लिए संचालित प्रधानमंत्री अभ्युदय (पीएम अजय) योजना अंतर्गत स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदाय करने जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के इच्छुक लोगों से 31 दिसम्बर 2025 तक आवेदन मंगाये गये हैं। आवेदक जिले का निवासी होना चाहिए, अनुसूचित जाति वर्ग का होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 वर्ष से कम एवं 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आयु अथवा जन्मतिथि के प्रमाण हेतु स्कूल द्वारा जारी दाखिल-खारिज, 5वीं, 8वीं, 10वीं की अंकसूची अथवा किसी मूल दस्तावेज के साथ शपथ पत्र मान्य होगा। परिवार की वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, पूर्व में किसी शासकीय योजना के अंतर्गत ऋण अथवा अनुदान प्राप्त नहीं किया गया हो तथा कोई ऋण बकाया नहीं है, संबंधी शपथ पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटोग्राफअनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। यह योजना बैंक प्रवर्तित योजना है, जिसके अंतर्गत संबंधित हितग्राही का ऋण प्रकरण उसके सेवा क्षेत्र की बैंक शाखा को प्रेषित किया जाएगा। इच्छुक आवेदक जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, कक्ष क्रमांक-17, पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, बिलासपुर एवं संबंधित जनपद पंचायत से निर्धारित आवेदन पत्र निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर को शाम 5 बजे तक निर्धारित है।

# प्लास्टिक अपशिष्ट एवं फिकल स्लज प्रबंधन पर संभाग स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ.........

बिलासपुर। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जल संसाधन परिसर स्थित प्रार्थना सभाकक्ष में प्लास्टिक अपशिष्ट एवं फिकल स्लज अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बिलासपुर संभाग के सभी आठ जिलों बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, जीपीएम, सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ के जिला समन्वयक, जिला सलाहकार, विकासखंड व क्लस्टर समन्वयक, संबंधित ग्रामों के सरपंच-सचिव तथा स्व-सहायता समूहों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री संजय कुमार अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ ने किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में नागरिकों से प्लास्टिक का उपयोग कम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाजार में खरीददारी करते समय अपने साथ कपड़े के थैले रखें। हमने फेस 1 में गांव को खुले में शौचमुक्त किया क्योंकि उससे बीमारी फैलती




थी, साथ ही उन्होंने फिकल स्लज को स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम बताते हुए इसके सुरक्षित प्रबंधन की आवश्यकता रेखांकित की। प्रशिक्षण सत्रों में राज्य सलाहकार डॉ. रूपेश राठौर ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन तथा श्री पुरुषोत्तम पंडा ने फिकल स्लज प्रबंधन पर पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। वहीं, राज्य सलाहकार श्रीमती मोनिका सिंह ने स्वच्छता के लाभों पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला समन्वयक श्रीमती पूनम तिवारी ने सभी प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# नवपदस्थ कमिश्नर आईएएस श्री प्रकाश कुमार सर्वे ने नगर पालिक निगम कमिश्नर तथा एमडी स्मार्ट सिटी के रूप में पदभार ग्रहण किया

बिलासपुर। बिलासपुर-नवपदस्थ कमिश्नर आईएएस श्री प्रकाश कुमार सर्वे ने आज नगर पालिक निगम कमिश्नर तथा एमडी स्मार्ट सिटी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही कमिश्नर श्री सर्वे ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निगम तथा स्मार्ट सिटी के अंतर्गत चल रही योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान कमिश्नर श्री प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा की शासन की जो योजनाएं है उन्हें बेहतर तरीके से समय पर पूरा करना तथा उसका लाभ शहरवासियों को मिलें यें उनकी प्राथमिकता है। आगे चर्चा करते हुए कमिश्नर श्री सर्वे ने कहा निगम के जितने भी कार्य है उन सभी को शहर वासियों के सहयोग से पूरा करने का प्रयास होगा। नवपदस्थ कमिश्नर श्री प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बिलासपुर का पूरे देश में दूसरा स्थान है,जो गौरवान्वित करने वाला है,इसे प्रथम स्थान पर लाने के लिए कार्य करेंगे। स्वच्छता एक सतत रूप से चलने वाली और अनिवार्य प्रक्रिया है,जिसका क्रियान्वयन प्राथमिकता और गुणवत्ता के साथ होनी चाहिए, शहर वासियों के साथ मिलकर सभी के सहयोग से इस पर कार्य करेंगे ताकि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में बिलासपुर



को पहला रैंक मिल सकें। निगम के अंतर्गत आने वाली सभी मूलभूत सुविधाओं और सेवा का निर्बाध रूप से लाभ सभी शहरवासियों को मिलता रहें इस इस दिशा में काम किया जाएगा। इसके साथ ही निगम तथा स्मार्ट सिटी के अंतर्गत जितने भी विकास कार्य चल रहें हैं उसे समय सीमा के भीतर पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। अरपा नदी बिलासपुर की जीवनदायिनी है, उसे प्रदूषण से बचाने तथा एक नई पहचान देने के लिए अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन योजना और अन्य योजनाओं पर काम जारी है,जिसका क्रियान्वयन गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर किया जाएगा। इसके साथ ही निगम कमिश्नर श्री प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा की बिलासपुर को और भी बेहतर और विकसित बनाने के लिए सभी से सुझाव लेकर कार्य किया जाएगा। इससे पहले निगम के प्रभारी कमिश्नर श्री खजांची कुम्हार ने नवनियुक्त कमिश्नर श्री प्रकाश कुमार सर्वे को पदभार सौंपा।

### प्राथमिकता में नए क्षेत्रों में विकास कार्य भी शामिल

नवपदस्थ कमिश्नर श्री प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा निगम सीमा में जो नए क्षेत्र शामिल हुए है वहाँ सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उन क्षेत्रों में विकास कार्यों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

### टीम वर्क के साथ काम करेंगे

कमिश्नर श्री प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा की कोई भी कार्य अकेले नहीं किया जा सकता सभी के सहयोग से कार्य सफ्ल होता है.एक बेहतर टीम वर्क के साथ शहर को सुंदर बनाने का कार्य किया जाएगा।

# उपका व्यपवर्तन योजना : नहर निर्माण के लिए भू-अर्जन हेतु समाघात दल ने की अनुशंसा

**बिलासपुर।** जिले के बेलगहना तहसील के उपका गांव में मुख्य नहर निर्माण के लिए भूमि का अर्जन किया जाना है। सामाजिक समाघात दल ने ग्राम उपका में भू-अर्जन से पड़ने वाले प्रभाव का आंकलन किया। मूल्यांकन में पाया गया कि उपका गांव में भू-अर्जन से 0.20 एकड़ भूमि प्रभावित हो रही है जिसका समाघात दल ने किसानों से भी सहमति लिया और पाया कि अर्जित भूमि से कोई मकान आदि प्रभावित नहीं हो रहा है और न ही किसी भी परिवार के विस्थापन की संभावना है। सामाजिक समाघात दल द्वारा यह पाया गया है कि अधोसंरचना पर कोई बाधा नहीं है तथा अधोसंरचना का कार्य प्रभावित नहीं हुआ है। समाघात दल इस बात से संतुष्ट है कि जल संसाधन विभाग को जितनी भूमि की आवश्यकता है उतनी ही भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। समाघात दल ने ग्राम उपका तहसील बेलगहना के अंतर्गत जल संसाधन संभाग पेण्ड्रारोड के नहर निर्माण हेतु ग्राम उपका में रकबा 0.20 एकड़ भूमि का अर्जन लोकहित में किए जाने की अनुशंसा की है। नहर निर्माण होने से कुल 142 हेक्टेयर खरीफ की फसल पर सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा। नहर निर्माण पूर्ण होने से ग्राम के निस्तारी हेतु तालाबों को भरने की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। जिससे ग्राम के सतही जल का स्तर बना रहेगा।

# टॉन्सिल से राहत दिलाने वाले घरेलू उपाय



ठंड लगने, मौसम में अचानक बदलाव और पर्यावरण के चलते कई बार टॉन्सिल की समस्या हो जाती है। टॉन्सिल गले के दोनों तरफ स्थित लिम्फ नोड्स होता है। टॉन्सिलाइटिस होने पर टॉन्सिल में सूजन और दर्द बढ़ जाता है। यह समस्या किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है, जिसमें कई बार बुखार भी आ जाता है। थूक निगलने में भी बहुत परेशानी होती है। चावल, बहुत ज्यादा ठंडी चीजों के सेवन, मैदा और ज्यादा खट्टी चीज़ें खाने से टॉन्सिल की समस्या होती है। तो कुछ घरेलू नुस्खों को अपनाकर आप पा सकते हैं इस समस्या से राहत।

### नमक

नमक के गरारे करना सबसे असरदार और काफी पुराना उपचार है। इसका असर भी आपको कुछ ही इस्तेमाल के बाद नजर आने लगेगा। गर्म पानी में एक चुटकी नमक मिलाएं और इससे गरारे करें।

### मेथी

एक कप पानी में दो चम्मच मेथी का दाना डालकर हल्का उबाल लें और इस पानी से गरारा करें। दो से तीन दिनों के लगातार इस्तेमाल से आपको टॉन्सिलिटिस में आराम मिल जाएगा।

### नींबू

टॉन्सिल के उपचार में नींबू भी बेहद कारगर उपाय है। ताजे नींबू के रस को गर्म पानी में डालकर उसमें शहद और चुटकी भर नमक मिलाएं। आराम से इसे पिएं। दिन में कम से कम दो से तीन बार पिएं। काफी आराम मिलेगा।

### दालचीनी

दालचीनी से भी टॉन्सिल की समस्या को आसानी से दूर किया जा सकता है। दालचीनी में एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं, जिसकी वजह से टॉन्सिल के बैक्टीरिया और माइक्रो ऑर्गेनिज्म को बढ़ने से रोका जा सकता है। दालचीनी के पाउडर को शहद के साथ गर्म पानी में मिलाकर पिएं। 2 से 3 दिनों में ही असर नजर आने लगेगा।

### दूध

टॉन्सिल की वजह से होने वाले दर्द को दूर करने के लिए दूध को उबालें और उसमें एक चुटकी हल्दी और चुटकीभर कालीमिर्च का पाउडर मिलाकर रात को सोने से पहले पी लें। जल्द असर के लिए कुछ दिनों तक रोजाना पिएं।

# इन बीमारियों में रामबाण दवा है शलजम



शलजम एक कंद है। इसकी सब्जी बनाई जाती है। अंग्रेजी में इसे 'टर्निप' कहा जाता है। इसमें आवश्यक पोषक तत्व कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम, मैंगनीज, एंटीऑक्सीडेंट, पॉली न्यूट्रिएंट्स पॉलीफेनोल्स और एंटी इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं, जो विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाव में मददगार साबित होते हैं। इसके सेवन से मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कब्ज आदि रोगों में फायदा मिलता है। आइए, शलजम के फायदे जानते हैं–

- साल 2013 की एक शोध में दावा किया गया है कि शलजम खाने से उच्च रक्तचाप कंट्रोल में रहता है। इसमें आवश्यक पोषक तत्व पोटेशियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इससे शरीर में सोडियम संतुलित रहता है। आसान शब्दों में कहें, तो शलजम के सेवन से उच्च रक्तचाप को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।
- एक अन्य शोध जो National Library of Medicine में छपी है। उस शोध की मानें तो शलजम में एंटी डायबिटिक के गुण पाए जाते हैं, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मददगार साबित होते हैं। इसके लिए डायबिटीज के मरीज भी शुगर कंट्रोल करने के लिए शलजम का सेवन कर सकते हैं।
- शलजम में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। वहीं, कैलोरी बहुत कम होती है। दोनों गुणों की वजह से बढ़ते वजन को कंट्रोल करने में शलजम मददगार साबित होती है। इसके लिए मोटापे से परेशान लोग डाइट में शलजम को शामिल कर सकते हैं। फाइबर युक्त चीजों के सेवन से पेट देर तक भरा रहता है। साथ ही पाचन प्रक्रिया भी सही से होती है।
- अगर आप आंखों की समस्या से परेशान हैं, तो शलजम का सेवन कर सकते हैं। इसमें विटामिन–ए पाया जाता है, जो आंखों के लिए फायदेमंद होता है।
- पेट संबंधी विकारों को दूर करने में भी शलजम फायदेमंद है। इसमें फाइबर प्रचुर मात्रा में होता है। भोजन में फाइबर युक्त चीजों के अभाव की वजह से भी कब्ज की समस्या होती है। इसके लिए डाइट में शलजम जरूर शामिल करें।

# क्या है दूध पीने का सही समय जिससे शरीर को मिलें फायदा

भारतीय डाइट में दूध की एक खास जगह है। फिर चाहे वयस्क हों या छोटे बच्चे सभी दूध का गिलास रोज़ पीने की कोशिश करते हैं। खासतौर से बच्चों की अच्छी ग्रोथ के लिए उन्हें दूध ज़रूर पिलाया जाता है, वहीं वयस्कों को हड्डियों की मज़बूती के लिए दूध ज़रूर पीना चाहिए। दूध में कई तरह के फ्लेवर मिलाकर भी पिया जा सकता है। कई लोग इसे सुबह पीना पसंद करते हैं, तो कई इसे सोने से पहले पीते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दूध को पीने का सही समय क्या है?



### दूध पीने का बेस्ट समय क्या है?

आयुर्वेद के मुताबिक, वयस्कों के लिए दूध पीने का बेस्ट समय है रात सोने से पहले। वहीं, बच्चों को सुबह ही दूध पी लेना चाहिए। रात में दूध पीने से ओजस को बढ़ावा मिलता है। ओजस को आयुर्वेद में एक ऐसी अवस्था के रूप में जाना जाता है, जब उचित पाचन हासिल हो जाता है। दूध पीने से अच्छी नींद लेने में मदद मिलती है। साथ ही सोते समय एक्टिविटी का स्तर भी कम होता है, इसलिए शरीर दूध से ज्यादा से ज्यादा कैल्शियम अवशोषित कर लेता है।

### दूध पीने के फायदे क्या हैं?

दूध पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जिससे हड्डियां भी मज़बूत होती हैं। यह प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन–बी12, विटामिन–डी और फॉसफोरस का उच्च स्त्रोत है। रोज़ दूध पीने से इम्यूनिटी को बढ़ावा मिलता है, लेकिन इससे सीने में जलन भी शुरू हो सकती है।

### एक दिन में कितना दूध पीना चाहिए?

आप दिनभर में आराम से 2 से 3 कप दूध पी सकते हैं, लेकिन साथ ही याद रखें कि किसी भी चीज़ की अति हानिकारक हो सकती है। अगर आप फुल–क्रीम दूध पी रहे हैं, तो एक या दो कप से ज्यादा न पिएं, वरना यह वज़न बढ़ने का कारण बन सकता है।

### दूध को कैसे स्वादिष्ट बनाया जा सकता है?

ऐसे लोग कम ही हैं, जिन्हें सादा दूध पसंद आता हो। यही वजह है कि मिल्क शेक, फ्रूट शेक काफी पॉपुलर हैं। हालांकि, आयुर्वेद की मानें तो दूध या दही में कभी भी फलों को मिलाकर नहीं पीना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि फल दूध के साथ मिलकर गैस पैदा करते हैं, इन टॉक्सिन्स से साइनस, सर्दी, खांसी और एलर्जी होती है। आप दूध में नेचुरल फ्लेवर्स, चीनी, गुड़, शहद, खजूर या फिर हल्दी मिलाकर पी सकते हैं। बच्चों के लिए दूध में चॉकलेट पाउडर मिलाया जा सकता है।

### दूध पीने का सही तरीका क्या है?

आयुर्वेद में दूध के साथ फलों को मिलाकर पीने की सलाह नहीं दी जाती है। ऐसे में सवाल यह है कि फिर दूध को पीने का सही तरीका क्या है? दूध चाहे ठंडा हो या गर्म, दोनों ही तरह से शरीर को फायदा पहुंचाता है, लेकिन इस इस बात से भी फर्क पड़ता है कि आप दूध किस समय पी रहे हैं। अगर आप दूध को दिन के समय पी रहे हैं, तो ठंडा या गर्म कैसा भी पी सकते हैं। जबकि, रात में सोने से पहले पी रहे हैं, तो गुनगुना या गर्म दूध ही पिएं। रात में ठंडा दूध पेट में दिक्कत पैदा कर सकता है, जिससे आपकी नींद खराब हो सकती है।

# पोषक तत्वों से भरी होती है पालक, लेकिन इन लोगों को रहना चाहिए दूर

सभी न्यूट्रिशनिस्ट हरी पत्तेदार सब्ज़ियों को डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं, खासतौर पर सर्दी के मौसम में। ठंड के मौसम में इनका सेवन आपकी इम्यूनिटी को मज़बूती देता है, जिससे आपको बीमारियों से लड़ने की ताकत मिलती है। विशेषतौर से पालक लोगों को पसंद भी आती है और खूब खाई भी जाती है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि पालक पोषण से भरपूर होने के बावजूद कई लोगों को नुकसान भी कर सकती है। इसलिए पालक के सेवन से पहले यह जानना ज़रूरी है कि किन लोगों को इसे नहीं खाना चाहिए।



### पालक खाने के फायदे जान लें

पालक को सुपरफूड माना जाता है, क्योंकि यह कैलोरी में कम होने के साथ-साथ कई स्वस्थ पोषक तत्वों से भरी होती है और कई तरह से आपके स्वास्थ्य को फायदा पहुंचाती हैं। यह कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, विटामिन-ए, सी और के जैसे आवश्यक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है। इस सुपरफूड को नियमित रूप से अपने आहार में शामिल करने से कैंसर के ख़तरे को कम करने, ब्लड शुगर के स्तर को मैनेज करने, अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने, वज़न कम करने और खून में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। क्योंकि पालक का ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) कम होता है, इसलिए यह डायबिटीज़ को नियंत्रित करने में भी मदद कर सकती है। पालक किन लोगों को नहीं खानी चाहिए?

### अगर आप जोड़ों के दर्द से जूझ रहे हैं

पालक ऑक्सालिक एसिड के साथ, प्यूरीन से भी भरी होती है, जो एक तरह का यौगिक है। ये दोनों यौगिक मिलकर गाउट को ट्रिगर कर सकते हैं, जो एक तरह का गठिया है। जो लोग पहले से जोड़ों के दर्द और सूजन से जूझ रहे हैं, उनके लिए ज़रूरत से ज्यादा पालक का सेवन लक्षणों को बदतर बना सकता है।

### अगर आप ब्लड थिनर दवा लेते हैं

पालक में विटामिन-के की मात्रा भी उच्च होती है और इसी वजह से यह रक्त को पतला करने वाली दवा के साथ रिएक्ट कर सकती है।

### अगर आपको किडनी में पथरी हो चुकी है

पालक ज्यादा खाने से शरीर में बहुत अधिक ऑक्सालिक एसिड हो जाता है, जिसे सिस्टम से बाहर निकालना हमारे शरीर के लिए मुश्किल हो जाता है। इससे किडनी में कैल्शियम ऑक्सालेट स्टोन जमा हो जाता है, जिससे किडनी स्टोन का ख़तरा बढ़ जाता है।

# वजन घटाने में मददगार है पनीर

## इस तरह करें डाइट में शामिल



आजकल मोटापे की समस्या से हर कोई परेशान है। लोग वजन कम करने के लिए डाइट में कई तरह से बदलाव करते हैं। मोटापा कम करने के लिए आप डाइट में पनीर को शामिल कर सकते हैं। यह पोषक तत्वों का भंडार है। पनीर प्रोटीन से भरपूर होता है, जिससे वजन कम हो सकता है। इसके सेवन से पेट ज्यादा देर तक भरा रहता है, जिससे आप ज्यादा खाने से बचते हैं। पनीर में मौजूद गुड फैट के कारण वजन कम करने में मदद मिल सकती है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो डाइट में कच्चा पनीर शामिल कर सकते हैं। यह फाइबर से भरपूर होता है, जो पाचन तंत्र को दूरुस्त करता है और वजन घटाने में भी मददगार है। इसके अलावा पनीर में कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और अन्य विटामिन्स पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। आइए जानते हैं, वेट लॉस जर्नी में आप पनीर को किन तरीकों से डाइट में शामिल कर सकते हैं।


### सलाद में शामिल करें

आप पनीर को सलाद के रूप में भी खा सकते हैं। जब आप कच्ची सब्जियों और फलों की सलाद बनाते हैं, तो इसमें कच्ची पनीर मिक्स कर लें, नींबू का रस मिलाएं। यह वजन घटाने में मददगार है।



### कच्चा पनीर और काली मिर्च

पनीर को रोस्ट कर लें, फिर इसका सेवन काली मिर्च के साथ कर सकते हैं। यह शरीर के फैट को कम करने में मददगार साबित हो सकता है।
वेट लॉस जर्नी में सुबह के नाश्ते में पनीर खाना फायदेमंद साबित हो सकता है। इससे आपका एनर्जी लेवल हाई रहता है और आप कई बीमारियों से बच सकते हैं।



# घर पर परफेक्ट रेनबो सलाद बनाने का ये है आसान तरीका

फिट और हेल्दी रहने के लिए हम कई तरह की डाइट फॉलो करते हैं। इसमें रेनबो डाइट भी शामिल है। रेनबो का मतलब होता इंद्रधनुष। इंद्रधनुष में सात रंग होते हैं। ऐसे ही इस डाइट में 7 रंगों के फूड्स शामिल होते हैं। इसमें रंग बिरंगी सब्जियां और फल शामिल होते हैं। फूड्स का नेचुरल कलर इनमें मौजूद पोषक तत्वों के कारण होता है। ये फूड्स शरीर की एनर्जी बढ़ाते हैं। ये आपकी इम्युनिटी बढ़ाने के साथ–साथ आपको कई स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से भी बचाने का काम करते हैं। आप रेनबो सलाद भी खा सकते हैं। इसे आप घर पर आसानी से बना सकते हैं। ये सलाद आप बच्चों को भी परोस सकते हैं। इसे आप घर पर आसानी से कैसे बना सकते हैं आइए जानें।

### रेनबो सलाद बनाने की सामग्री

1 खीरा, 1 गाजर, 1 टमाटर, मिंट और धनिया पत्ती, अनार, तरबूज, 1 लाल पत्तागोभी, 1 नींबू, 2 हरी मिर्च, 1 – बीटरूट, 1 – संतरा, 1 बेरिज ( ब्लैकबेरी, प्लम, ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी, रास्पबेरी), आधा कप ब्रोकली और ब्रसेल्स, सूखे मेवे और सीड्स, कीवी, काली मिर्च, नमक, आधा कप दही

### सलाद को बनाने का तरीका

**स्टेप – 1**
इन सभी सब्जियों और फलों को हल्के गर्म पानी से धो लें। इन्हें धोते समय पानी में थोड़ा नमक डाल लें। इसके बाद इन्हें ठंडे पानी से धो लें।

**स्टेप – 2**
इसके बाद इन फलों और सब्जियों को काट लें। इन्हें एक बाउल में डालें।

**स्टेप – 3**
अब इस बाउल में थोड़ी दही मिलाएं। इसमें काली मिर्च और नमक डालें। इसके बाद फिर से मिलाएं।


**स्टेप – 4**
अब इस सलाद को मिंट और धनिया पत्ती से गार्निश करें। फिर इस सलाद को परोसें।

### रेनबो डाइट के फायदे

इन फूड्स में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। ये आपके शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले फ्री रेडिकल्स से बचाने में मदद करते हैं। इनमें फाइबर और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। इनका सेवन हाई ब्लड प्रेशर की समस्या को कंट्रोल करने में मदद करता है। ये कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। ये हृदय संबंधित समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं। ये डाइट इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करती है। इन फूड्स में एंथोसायनिन नामक तत्व होता है। ये एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। ये डायबिटीज और स्ट्रोक के खतरे से बचाने का काम करता है। इन फूड्स का सेवन आंखों की रोशनी को बढ़ाने में मदद करता है। ये आपकी त्वचा को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं। ये जोड़ों के दर्द से भी राहत दिलाने का काम करते हैं। क्योंकि ये फूड्स सूजन की स्थिति से लड़ने में मदद करते हैं।

# भारत में स्पाइनल टीबी भी काफी आम है

**भारत में स्पाइनल टीबी भी काफी आम है। लेकिन समय पर पहचान और उपचार के साथ मरीज पूरी तरह सामान्य, सक्रिय और स्वतंत्र जीवन जी सकते हैं।" यह मामला आम जनता के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है—लंबे समय तक रहने वाले पीठ दर्द को नज़रअंदाज़ न करें। यदि भूख में कमी, कमजोरी या चलने-फिरने में दिक्कत जैसे लक्षण साथ दिखें, तो तुरंत विशेषज्ञ से परामर्श आवश्यक है।**



समय पर निदान स्पाइनल टीबी को गंभीर और अपंगता उत्पन्न करने वाली अवस्था में पहुँचने से रोक सकता है नेरल के 65 वर्षीय एक व्यक्ति, जो पिछले एक वर्ष से गंभीर पीठ दर्द और बढ़ती रीढ़ की विकृति से परेशान थे, किम्स हॉस्पिटल, ठाणे में सफल रीढ़ सर्जरी के बाद अब फिर से चलने में सक्षम हो गए हैं। यह मामला इस बात का उदाहरण है कि समय पर निदान और उपचार न मिलने पर स्पाइनल ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) धीरे-धीरे बढ़कर गंभीर शारीरिक विकलांगता का रूप ले सकती है।

मरीज को लगातार पीठ दर्द रहता था और रीढ़ धीरे-धीरे आगे की ओर झुकने लगी थी। समय के साथ उनकी भूख कम हो गई, वजन घटता गया और लंबे समय तक बैठना या खड़े रहना कठिन होने लगा। चलना लगभग असंभव हो गया और पिछले छह महीनों से वह बिना सहारे बिस्तर से उठ भी नहीं पा रहे थे। कई डॉक्टरों से परामर्श और दर्द निवारक दवाइयाँ लेने के बावजूद उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती रही, जिससे उनकी दैनिक गतिविधियाँ और जीवन की गुणवत्ता गंभीर रूप से प्रभावित हुई। किम्स हॉस्पिटल, ठाणे पहुँचने पर कंसल्टेंट स्पाइन सर्जन, डॉ. अमोघ झावर ने विस्तृत जांच की। स्कैन में रीढ़ का गंभीर झुकाव, एक वर्टिब्रा में संरचनात्मक क्षति और स्पाइनल कॉर्ड के पास संक्रमणजन्य कलेक्शन के संकेत मिले। एमआरआई और सीटी स्कैन ने स्पाइनल टीबी की संभावना को पुष्ट किया—टीबी का वह स्वरूप जिसमें संक्रमण फेफड़ों के बजाय रीढ़ की हड्डियों को प्रभावित करता है। बीमारी काफी आगे बढ़ चुकी थी, इसलिए रीढ़ को स्थिर करने और लकवे के बढ़ते खतरे से बचाने हेतु शल्य चिकित्सा आवश्यक समझी गई।



डॉ. झावर की टीम ने रीढ़ की विकृति को ठीक करने, संक्रमित भागों को हटाने और इम्प्लांट्स से स्थिरता प्रदान करने के लिए एक जटिल सर्जरी की विस्तृत योजना बनाई। ऐसे उन्नत मामलों में सर्जरी के दौरान नसों को नुकसान का जोखिम काफी अधिक होता है। इस खतरे को कम करने के लिए इंट्रा-ऑपरेटिव न्यूरोमॉनिटरिंग तकनीक का उपयोग किया गया, जो लगातार पैरों की नसों के सिग्नल मॉनिटर करती है।

### शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने सुशासन सप्ताह का आयोजन

# सुशासन सप्ताह: प्रशासन शहर की ओर अभियान के तहत आदित्य नगर में विशेष शिविर






**दुर्ग।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीपीआरजी) द्वारा संचालित सुशासन सप्ताह - प्रशासन शहर की ओर 2025 अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र में कल 22 दिसम्बर को आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शहर के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना तथा नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करना है। अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह के सफल क्रियान्वयन हेतु उपायुक्त मोहेन्द्र साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा एवं कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद थवानी को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त शिविर संचालन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं। नगर पालिक निगम द्वारा जन समस्याओं के समाधान एवं बेहतर सेवा वितरण के उद्देश्य से दिनांक 22 दिसम्बर 2025 (सोमवार) को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहर के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी शिकायतों एवं मांगों से संबंधित आवेदन एकत्रित कर सुशासन सप्ताह शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ लें। इस विशेष शिविर के माध्यम से सार्वजनिक शिकायतों का त्वरित निराकरण एवं शासन की योजनाओं को सरलता से जनसामान्य तक पहुँचाया जाएगा।

## जन जन तक जागरूकता फैलाने स्काउट गाइड के छात्र- छात्राओं ने दी विशेष नाटक की प्रस्तुति



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा के समीपस्थत ग्राम पंचायत सरोरा मैं स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं ने स्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण एवं स्वच्छता , नशा मुक्ति अभियान के माध्यम से विशेष रूप से नाटक की प्रस्तुति दि गई । जिनकी जानकारी सक्षिप्त रूप से दी गई। जिससे की लोगों तक जन-जन तक जागरूकता फैलाने का काम किया जा सके कायक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षा मंत्री सत्यनारायण शर्मा एवं ग्राम पंचायत सरोरा के सरपंच उमेश्वरी विश्राम साहू, उपसरपंच बसंत सिह विनोद, दाऊजी कुंज बिहारी अग्रवाल, ओमप्रकाश वर्मा, इंदु शेखर शर्मा, चंद्रशेखर साहू, मनोज यादव, तिलक निषाद, प्रमिला विष्णु साहू, एवं ग्रामवासियों ने जागरूकता अभियान पर बच्चों का धन्यवाद ज्ञापित किया

# चांपा पोस्ट ऑफिस में खाताधारकों से धोखाधड़ी करने वाले चढ़ा पुलिस के हत्थे

### लोगों से रुपए हड़प कर खेला ऑनलाइन बेटिंग




**चांपा।** पोस्ट ऑफिस में खाताधारकों से धोखाधड़ी के बड़े मामले में चांपा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। साइबर सेल और थाना चांपा की संयुक्त कार्रवाई में फर्जी एजेंट को गिरफ्तार किया गया है, जिसने लगभग 200 खाताधारकों से एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी दीपक कुमार देवांगन (35 वर्ष), निवासी अमरैयापारा भोजपुर, चांपा, पोस्ट ऑफिस का एजेंट बनकर खाताधारकों से मासिक किस्त की राशि लेता था, लेकिन रकम खातों में जमा न कर फर्जी एंट्री, हस्ताक्षर और नकली पोस्ट ऑफिस सील लगाकर धोखाधड़ी करता था। मामले की शिकायत 16 दिसंबर 2025 को राजकुमार देवांगन, निवासी चरण नगर चांपा, द्वारा दर्ज कराई गई थी।शिकायत में बताया गया कि वर्ष 2018 से दो आरडी खातों में जमा की गई कुल 66 हजार रुपये में से केवल 6,900 रुपये ही खाते में जमा किए गए, शेष राशि हड़प ली गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर सेल और थाना चांपा की संयुक्त टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने करीब 200 खाताधारकों से एक करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करना स्वीकार किया तथा बताया कि धोखाधड़ी की रकम ऑनलाइन बेटिंग एप में खर्च कर दी।

आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन, दो फर्जी सिम कार्ड, चार बैंक खाते, 150 से अधिक पोस्ट ऑफिस खाते, एजेंट का लाइसेंस, नकली सील और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में विस्तृत जांच कर अन्य संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी की तैयारी की जा रही है।

# कलेक्टर बीएस उइके ने मैनपुर क्षेत्र के गौरघाट धान खरीदी केंद्र का किया भौतिक सत्यापन

### पारदर्शिता व किसान सुविधाओं के लिए अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



**गरियाबंद।** कलेक्टर बी.एस. उइके ने मैनपुर विकासखंड अंतर्गत गौरघाट धान खरीदी केंद्र का भौतिक सत्यापन करते हुए धान खरीदी की संपूर्ण प्रक्रिया का विस्तार से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में की जा रही धान तौल, गुणवत्ता परीक्षण, भंडारण, परिवहन एवं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि धान खरीदी कार्य शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए। कलेक्टर उइके ने मौके पर उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर धान विक्रय के दौरान आ रही समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि तौल एवं पंजीयन की प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो रही है। इस पर कलेक्टर ने संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और धान खरीदी केंद्र में अनुशासन एवं व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने भुगतान प्रक्रिया को भी समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नमी मापक यंत्र, बारदाना की उपलब्धता, स्टॉक पंजी, सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ-सफाई की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित एवं समय पर मूल्य प्रदान करना है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या शिकायत मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर उइके ने धान खरीदी केंद्र में किसानों के लिए पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था एवं प्राथमिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण, सतत मॉनिटरिंग एवं समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले में धान खरीदी कार्य को पूरी तरह किसान-हितैषी, पारदर्शी एवं भरोसेमंद बनाया जाए। भौतिक सत्यापन के दौरान कलेक्टर ने पाया कि धान खरीदी केंद्र में कुल 09 स्टेक में उपार्जित धान बारदाना रखा हुआ है। जिसमें बारदाना संख्या 26 हजार 410, धान की मात्रा 10 हजार 564.00 क्विंटल पाया गया, जबकि वास्तविक खरीदी सत्यापन के दौरान 26 हजार 121 बारदाना, कुल धान की मात्रा 10 हजार 648.40 क्विंटल ऑनलाईन पोर्टल में दिख रहा है। इस प्रकार भौतिक सत्यापन में 211 बारदाना कुल मात्रा 84.40 क्विंटल उपार्जित धान की मात्रा में कमी पाई गयी। इस निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि चंदन कुमार रॉय, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता विभाग की सहायक आयुक्त महेश्वरी तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ने पल्स पोलियो अभियान में लोगों को किया जागरूक




**अम्लेश्वर।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सांकरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ गागेन्द्र सिंह राजपूत ने ग्राम पंचायत- पिरदा में नन्हे बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर इस राष्ट्रीय अभियान को सफल करने के लिए अभिभावकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा छूटे ना. ज्ञात हो कि राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 21 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जा रहा है एवं पल्स पोलियो अभियान तीन दिवस तक चलाया जाएगा, प्रथम दिवस 21 दिसंबर दिन रविवार को पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी. 22 एवं 23 दिसंबर को स्वास्थ्य टीम द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चे को पोलियो ड्राप पिलाया जाएगा.इसके लिए स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों को पोलियो बूथ बनाया गया है एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन के माध्यम से टीम का गठन किया गया है अतः पल्स पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं।

## बहेसर में चैलेंज क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया



**तिल्दा नेवरा ।** ग्राम बहेसर में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चैलेंज क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि नरसिंग वर्मा सभापति जनपद पंचायत तिल्दा एवं विशिष्ट अतिथियों ग्राम पंचायत बहेसर सरपंच सविता सेवक बर्मन फल्गो वर्मा, द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने और अनुशासन बनाए रखने की अपील की गई।प्रतियोगिता में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की अनेक टीमों ने भाग लिया है, जिससे क्षेत्र में खेल के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है। उद्घाटन मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने आयोजन को और भी सफल बना दिया।आयोजक समिति न्यू स्टार क्रिकेट क्लब बहेसर ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी और छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए ग्रामवासियों एवं सहयोगकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## पल्स पोलियो अभियान के साथ पोलियो दिवस का शुभारंभ



**तिल्दा नेवरा ।** तिल्दा ब्लॉक सहित ग्राम पंचायत सरोरा में 21 दिसंबर रविवार को राष्ट्रीय पोलियो दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सरोरा के सरपंच मती उमेश्वरी विश्राम साहू ने उप स्वास्थ्य केंद्र में सरोरा में शून्य से पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की ( खुराक) दवा पिलाकर पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करने का संदेश दिया गया । सरोरा पंचायत के सरपंच उमेश्वरी विश्राम साहू के द्वारा बच्चों को दो बूंद की दवा पिलाई गई।इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का संकल्प लिया। सरपंच उमेश्वरी विश्राम साहू ने बताया कि पोलियो उन्मूलन के लिए पल्स पोलियो अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसकी सफलता के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं । कार्यक्रम के दौरान जागरूकता रैली एवं पोस्टर के माध्यम से भी लोगों को पोलियो मुक्त भारत का संदेश दिया गया। अंत में सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे और समाज को पूरी तरह पोलियो मुक्त बनाया जाए।

## 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन, 22 दिसंबर को चरौदा में विशेष समाधान शिविर

### अधिकारी एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए

**चरौदा।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा सुशासन सप्ताह - प्रशासन गाँव/शहर की ओर अभियान के अंतर्गत 19 दिसंबर से 25 दिसंबर 2025 तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी से सुशासन को बढ़ावा देना, जनसमस्याओं का त्वरित समाधान तथा सेवा वितरण को अधिक प्रभावी बनाना है। इसी क्रम में जनसमस्याओं के समाधान एवं नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिनांक 22 दिसंबर 2025 (सोमवार) को प्रातः 10:00 बजे से स्थान - सामुदायिक भवन, चरौदा में विशेष सुशासन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में केंद्र शासन एवं राज्य शासन से संबंधित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के लिए टेबलवार स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां नागरिक अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकेंगे एवं योजनाओं की जानकारी के साथ लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। शिविर में राजस्व, नगरीय प्रशासन, सामाजिक कल्याण, श्रम, खाद्य, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं, जिससे शिविर का संचालन सुव्यवस्थित एवं जनहितकारी रूप से किया जा सके। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं एवं अपनी समस्याओं का समाधान कराएं।

## बिरसिंगपाली में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित




**सरायपाली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-दुर्गापाली का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर 20दिसबंर से 26 दिसंबर तक ग्राम बिरसिंगपाली में राज्य एन एस एस अधिकारी नीता बाजपेयी, जिला संगठक डॉक्टर मालती तिवारी व कार्यक्रम समन्वयक डॉ.एस गचपाल के मार्गदर्शन में शिविर संयोजक प्राचार्य निमंकर पटेल, कार्यक्रम अधिकारी एस पी पटेल के नेतृत्व में लगाई जा रही है, ज्ञात हो कि भारत शासन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए व्यक्तित्व निर्माण, समाज से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है इस वर्ष का थीम नशामुक्त समाज के लिए युवा पर आधारित है। शिविर के द्वितीय दिवस महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला टीम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर बौद्धिक चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में खिलेश्वरी चक्रधारी जिला मिशन समन्वयक, डिगेश्वरी साहू,जेंडर विशेषज्ञ,अंचल सेवई आउट रिच वर्कर, उमादेवी पटेल, सुपरवाइजर उपस्थित रहे। अतिथियों ने गुड टच, बेड टच, महिलाओं से सम्बंधित समस्याओं, महिला बल विकास विभाग के विभिन्न गतिविधियों, जेण्डर असमानता क्या है, इसको कैसे सुधारा जाय, सुपोषण व उसका महत्व, सुकन्या समृद्धि योजना, चाइल्ड हेल्प लाइन मोबाइल नम्बर, इन सब बिंदुओं पर विस्तार से स्वयंसेवकों बताया गया व जिज्ञासा को शांत किया गया।प्रत्येक दिवस योग कार्यक्रम योग शिक्षक रामप्रसाद यादव, कन्हैया लाल पटेल व परमानंद साहू के द्वारा कराई जा रही है, साथ ही शिविर में परियोजना कार्य अंतर्गत शासकीय भवनों की साफ-सफाई, स्वच्छता जागरूकता अभियान, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, मतदाता जागरूकता अभियान तालाब, निर्मला घाट, मंदिर परिसर की सफाई, प्रकृति परीक्षण, निःशुल्क जन स्वास्थ्य शिविर, जल संरक्षण, कृषि, उद्यानिकी से संबंधित जानकारी प्रदान किया जाएगा।

## नोट्रेडेम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगीचा में एनएसएस विशेष शिविर का चौथा दिन संपन्न




**बगीचा।** नोट्रे डेम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बगीचा की प्राचार्य सिस्टर निरूपा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिवस उत्साह एवं प्रेरणा के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जिला समन्वयक डॉ. विनायक साय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।डॉ. विनायक साय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए एनएसएस के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं इसके माध्यम से युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना न केवल सामाजिक सेवा का मंच है, बल्कि यह विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व एवं जिम्मेदारी का पाठ भी पढ़ाती है। कार्यक्रम के दौरान साय ने समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक बुराइयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा और सामूहिक शक्ति का सकारात्मक उपयोग करते हुए इन बुराइयों को समाप्त करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान करते हुए साय बगीचा के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव रंजन तिग्गा द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुत गीत ने उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में विद्यालय की कार्यक्रम अधिकारी द्रौपदी महंत ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार एवं स्वयंसेवकों की सराहनीय भूमिका रही।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com